दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | बिलासपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2020, आश्विन अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-186 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बढ़ती रेप की घटनाओं को रोकने में शासन प्रशासन की नाकामी से आक्रोशित होकर राजकोट गुजरात की लड़कियों ने अपनी सुरक्षा खुद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने साथ हथियार रखने के लिए सरकार से लाईसेंस देने की मांग की है। उनका यह कदम न सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। हैवानों से निपटने के लिए नारी शक्ति के हाथों में हथियार होना निहायत जरूरी है। संविधान ने सभी को आत्मरक्षा का अधिकार दिया है। वैसे भी कुछ फैसले ऑन द स्पॉट होंगे तभी इन राक्षसों की रूह कांपेगी और सही मायनों में महिला सशक्तिकरण का नारा सार्थक सिद्ध होगा।

मरवाही विस में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रही अर्चना पोर्ते, ध्यान सिंह पोर्ते और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शंकर कंवर कांग्रेस में हुए शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मरवाही उप चुनाव के लिए गुरुवार को जब भाजपा के तमाम बड़े नेता डॉ रमन सिंह, धरम लाल कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय बृजमोहन अग्रवाल अमर अग्रवाल आदि भाजपा प्रत्याशी डॉ गंभीर सिंह को नामांकन दाखिल कराने में व्यस्त थे, इसी दौरान भाजपा के तीन नेताओं ने जिले के प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल के समक्ष कांग्रेस में शामिल हो रहे थे। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अर्चना पोर्ते के साथ ही ध्यान सिंह पोर्ते और जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष शंकर कंवर ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। पिछले विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट के

दावेदार रहे श्रीमती अर्चना पोर्ते ध्यान सिंह पोर्ते एवं शंकर कवर ने जयसिंह अग्रवाल प्रभारी मंत्री जी पीएम जिला अटल श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी जी पीएम जिला आर पी सिंह प्रवक्ता प्रदेश कांग्रे स के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया।

गौरतलब है अर्चना पोर्ते 2018 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रही एवं स्व. भंवर सिंह पोर्ते की पुत्री हैं वहीं ध्यान सिंह पोर्ते 2008 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी थे एवं आदिवासी नेता है, शंकर कंवर जिला पंचायत बिलासपुर के उपाध्यक्ष के पद पर रहे और क्षेत्र में एक सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं। इनके प्रवेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयसिंह अग्रवाल ने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मिलती है जीवन में नई ऊंचाईयां : सीएम भूपेश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को दंतेवाड़ा जिले के 'छू लो आसमान' कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में (जेईई) मेन्स में सफल 17 छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उन्हें सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इन छात्र-छात्राओं ने एनआईटी में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2011 में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और एनएमडीसी के सहयोग से प्रारंभ किए गए इस कार्यक्रम की मदद से अब तक 845 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने जेईई मेन्स में छू लो आसमान के सफल 17 विद्यार्थियों को दी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं

- **बीजापुर और सुकमा के आदिवासी बच्चों के लिए अगले सत्र से 40 सीटें बढ़ाने और चयनित विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा**
- **आने वाले वर्षों में विकासखण्ड स्तर पर खोले जाएंगे इंग्लिश मीडियम स्कूल**

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे जीवन के हर क्षेत्र में नई ऊंचाईयां हासिल की जा रही है। आप लोग दूरस्थ अंचलों से हैं और विपरित परिस्थितियों में अपने दृढ़ संकल्प से 'छू लो आसमान' कार्यक्रम के माध्यम से यह सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'छू लो आसमान' कार्यक्रम में बीजापुर और सुकमा के आदिवासी बच्चों के लिए अगले सत्र से 40 सीटें बढ़ाने, चयनित विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और एक छात्र हेमंत कुमार आर्य की ऑखों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के अंतर्गत जिलों में 53 स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले वर्षो में विकासखण्ड स्तर पर इंग्लिस मीडियम स्कूल प्रारंभ किए जाएंगे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, विधायक अनूप नाग, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, एनएमडीसी के सलाहकार दिनेश श्रीवास्तव उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर दंतेवाड़ा दीपक सोनी और एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देव शामिल हुए।

आयरन-विटामिन युक्त फोर्टिफाईड राईस वितरण 1 नवंबर से

- **भोजन में पोष्टिक तत्वों की पूर्ति के साथ कुपोषण मुक्ति में होगी मददगार**
- **मुख्यमंत्री बघेल ने बजट भाषण में की थी फोर्टिफाईड राईस वितरण योजना शुरू करने की घोषणा**
- **राज्य सरकार ने 5.80 करोड़ रूपए का किया बजट प्रावधान**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भोजन में आवश्यक पोष्टिक तत्वों की पूर्ति और कुपोषण के नियंत्रण के लिए आगामी एक नवंबर राज्य स्थापना दिवस से फोर्टिफाईड राईस वितरण की अभिनव योजना शुरू करने जा रही है। आयरन और विटामिन से युक्त फोर्टिफाईड राईस वितरण की यह योजना राज्य के कोण्डागांव जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्ष 2020-21 के अपने बजट भाषण में इस योजना को प्रारंभ करने की घोषणा की थी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 5 करोड़ 80 लाख रूपए का बजट प्रावधान भी किया गया है।

कोण्डागांव जिले में शुरू होगी योजना

कोण्डागांव जिले में पीडीएस एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत समस्त चावल को फोर्टिफाईड कर वितरित किया जाएगा। फोर्टिफाईड राईस तैयार करने लिए दो राईस मिल को राईस ब्लेडिंग कार्य सौंपा गया है। कोण्डागांव जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एक लाख 11 हजार 217 राशनकार्ड तथा राज्य योजना के तहत 23 हजार 204 राशनकार्ड इस तरह कुल एक लाख 34 हजार 421 राशनकार्ड प्रचलित है। इस जिले में चांवल का कुल वार्षिक आबंटन 60 हजार 188 टन है जिसमें पीडीएस चांवल का 55 हजार 068 टन है और कल्याणकारी योजना, मध्यान्ह भोजन, पूरक पोषण आहार आदि योजनाओं का वार्षिक आबंटन 5 हजार 120 टन है।

शेयर बाजार में कोहराम 3.3 लाख करोड़ डूबे

■ इस साल 14वीं बार हुआ धड़ाम, मार्च में हुई थी सबसे बड़ी गिरावट

नई दिल्ली ए.। शेयर बाजार में गुरुवार को 10 दिन की तेजी पर न केवल ब्रेक लग गया बल्कि भारी गिरावट देखने को मिली। यूरोप में लॉकडाउन की आहट से शेयर बाजार ऐसा सहमा कि सेंसेक्स ने इस साल की 14वां बड़ा नुकसान देखा। गुरुवार को सेंसेक्स 1066 अंक गिरकर 39,728 पर तो वहीं, निफ्टी 291 अंक गिरकर 11,680 पर बंद हुआ। इस गिरावट में निवेशकों के करीब 3 लाख करोड़ रुपये डूब गए। इससे पहले 24 सितंबर को वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली तथा विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। बीएसई का सेंसेक्स करीब 2.96 फीसदी यानी 1,114.85 अंकों की गिरावट के बाद 36,553.60 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 326.30 अंक गिरकर 10,805 के स्तर पर बंद हुआ। उस दिन भी गुरुवार था और संयोग से आज भी गुरुवार है।

सबसे गहरी मंदी से जूझ रही दुनिया : विश्व बैंक

वाशिंगटन ए.। विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते दुनिया 1930 के दशक की महामंदी के बाद से सबसे गहरी मंदी से जूझ रही है और उन्होंने कोविड-19 महामारी को कई विकासशील और सबसे गरीब देशों के लिए भयावह घटना बताया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आर्थिक संकुचन की सीमा को देखते हुए कई देशों में ऋण संकट का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के मौके पर कहा कि यहां बैठकों में इस मुद्दे पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा मंदी बहुत गहरी है, महामंदी के बाद से सबसे बड़ी मंदी में एक है और कई विकासशील देशों तथा सबसे गरीब देशों के लोगों के लिए ये वास्तव में अवसाद की एक भयावह घटना है।

खास- खबर

स्लीपर कोच समाप्त नहीं किए जाएंगे : रेलवे

नई दिल्ली (वार्ता)। रेलवे ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि किसी भी मार्ग पर स्लीपर कोच को समाप्त करने की उसकी कोई योजना नहीं है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने 130 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक की गति यात्री ट्रेन वाले मार्गों पर स्लीपर कोच समाप्त किये जाने की अटकलों को विराम देते हुये आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा स्लीपर श्रेणी के कोच बने रहेंगे।

ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता अक्कितम अच्युतन का निधन

पलक्कड़ (वार्ता)। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात मलयालम कवि साहित्यकार अक्कितम अच्युतन नंबूतिरी का

गुरुवार को त्रिसुर के एक निजी अस्पताल में उम्रजनित बीमारी से निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। उनके परिवार में पुत्र और एक पुत्री है। उनकी पत्नी का पिछले वर्ष ही देहांत हो गया था।

मशहूर प्रसारक रविन्द्रन चेन्निलोडे का निधन

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)। मशहूर प्रसारक रविन्द्रन चेन्निलोडे का गुरुवार को एक निजी अस्पताल में यकृत संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। श्री चेन्निलोडे को विभिन्न रेडियो वृत्तचित्रों के लिए छह राष्ट्रीय पुरस्कार सहित काफी अधिक ख्याति मिली थी और वह 1979 में ऑल इंडिया रेडियों में बतौर स्टाफ कलाकार के तौर पर नियुक्त हुए।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 39728.41
निफ्टी- 11680.35
गोल्ड- 50392 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 60057 (1 कि ग्रा.)

भारत की चीन को दो टूक

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग

नई दिल्ली ए.। लद्दाख पर चीन की ओर से की गई टिप्पणी का भारत ने करारा जवाब दिया है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि देश भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करेंगे, जैसा कि वे दूसरों को इस तरह की उम्मीद करते हैं। चीन के पास भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

बता दें कि लद्दाख सहित सीमा क्षेत्रों में नए पुलों के निर्माण से चीन की बेचैनी और बढ़ गई है। अपनी सीमा में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित कर चुके चीन को भारत की ओर से भी ऐसा करना हजम नहीं हो रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वे सैन्य निरीक्षण और नियंत्रण के उद्देश्य से इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का विरोध करते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिजियान ने भारत द्वारा सीमा पर बनाए गए पुलों को लेकर सवाल के जवाब में कहा किसी भी पक्ष को इलाके में ऐसा कोई कदम उठाना चाहिए जिससे स्थिति जटिल हो।

हाथरस मामला हाईकोर्ट भेजने के संकेत के साथ फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने हाथरस के कथित सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने के संकेत के साथ गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रमासुब्रमण्यम की खंडपीठ ने विभिन्न पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसटर जनरल तुषार मेहता, राज्य पुलिस महानिदेशक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे, आरोपियों में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा, पीड़िता के परिजनों की ओर से सीमा कुशवाहा और एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वकील इंदिरा जयसिंह ने खंडपीठ के समक्ष दलीलें पेश की।

370 हटाए जाने के खिलाफ साथ आए मुफ्ती, फारूक

■ लोगों के अधिकार को वापस लौटाए जाने की मांग

जम्मू ए.। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुपकार बैठक के बाद मांग की है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को पुराने सभी अधिकार वापस दिए जाएं। इसके साथ ही पीडीपी-नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस समेत अन्य दलों ने इस गठबंधन को पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का नाम दिया है।

बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा हमने इस गठबंधन को पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का नाम दिया है। हमारी मांग हैं कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को वो सारे अधिकार दिए जाएं जो हमसे छीने गए

हैं। भारत सरकार राज्य के लोगों के उन अधिकारों को लौटाए जो उन्हें 5 अगस्त 2019 से पहले मिलते थे।

उन्होंने कहा कि हम कुछ दिन बाद फिर मुलाकात करेंगे, जिसमें आगे के जो कदम हमें उठाने हैं, वो आपके सामने लाएंगे। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी उपस्थित थीं।

सैंडलवुड ड्रग्स केस

विवेक ओबेरॉय के घर बेंगलुरु पुलिस की रेड

नई दिल्ली ए.। बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के घर छापेमारी की है. सीबीआई की बेंगलुरु सिटी क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स मामले में एक शख्स की तलाश में विवेक ओबेरॉय के मुंबई स्थित घर पहुंची। ड्रग्स मामले में आदित्य अल्वा को तलाशने के लिए बेंगलुरु सिटी क्राइम ब्रांच मुंबई स्थित बॉलीवुड एक्टर के घर छापा मारने पहुंची, वह विवेक ओबेरॉय की वाइफके भाई यानी साले बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आदित्य अलवा नाम का शख्स विवेक ओबेरॉय का रिश्तेदार है। आदित्य के खिलाफकेस दर्ज होने के बाद से वह फरार हैं. सीसीबी ने कोर्ट वॉरंट लेकर विवेक के घर की तलाशी ली। सीसीबी की तरफसे स्टेटमेंट के मुताबिक, कॉटनपेट केस में आदित्य अलवा फरार हैं। विवेक ओबेरॉय उनके रिश्तेदार हैं, हमें सूचना मिली थी कि अल्वा वहां हैं इसलिए हमने उनके घर पर छापेमारी की है।

मरवाही उपचुनाव | **आखिर 10 नवंबर को किसे स्वीकारेंगे, कौन नकारे जाएंगे, वक्त देगा जवाब**

वोटर खामोश, सब देख रहे... सुन रहे पर नहीं दे रहे स्पष्ट संकेत

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। मरवाही की हर गली, वॉर्ड और बूथ में कांग्रेस के 50 से ज्यादा विधायक, संसदीय सचिव और दिग्गज कार्यकर्ता फिल्डिंग जमा लिए हैं। भाजपा आज गुरुवार को अपने प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करवा 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। छजकां अब तक प्रचार, नामांकन दाखिला और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय नहीं कर पाई है। हालाकि चुनावी तैयारियों में सबसे पिछड़ी छजकां के प्रदेश अध्यक्ष अमित कहते हैं मरवाही में सियासी पार्टियां उपचुनाव में उतरी हैं और उनके लिए मरवाही घर है, परिवार है। खैर, मरवाही का बेटा और परिवार वाला संवाद सियासी नहीं भावनात्मक है, लेकिन सच यह है कि उपचुनाव जीतने के लिए जरुरी उन सभी तैयारियों से छजकां फिलहाल कोसों दूर है। तीनों खास सियासी पार्टियों के दावेदारों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ दावेदारों का दर्द, छजकां की मजबूरी, भाजपा की कमियां और सत्ता की ताकत मरवाही को मालूम

प्रचार, संख्या, बल बहुत पर अपनों की नाराजगी भी

मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस के 50 दिग्गज विधायक, मंत्री और कार्यकर्ताओ की लंबी-चौड़ी फौज जुटी हुई है। सत्ताबल भी साथ में है। किसी चीज की कोई कमी भी नहीं है। फिर सबसे करीबी प्रतिद्वंदि छजकां के कई लोकल दिग्गजों को भी प्रवेश करवाया जा चुका है। लेकिन, कांग्रेस के लिए मरवाही के उपचुनाव में टिकट की प्रतीक्षा में बैठे रहे कई पुराने व लोकल दिग्गजों के प्रचार की स्टायल से मामला गड़बड़ा गया है। कांग्रेस में टिकट को लेकर उतना ही खामोश असंतोष है जितना भाजपा में है। हालाकि सीधी बगावत की हिमाकत कोई नहीं दिखा रहा पर प्रत्याशी टिकट कटने से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा 30 स्टार प्रचारकों के भरोसे

भाजपा ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव के प्रचार हेतु अपने स्टार प्रचारक नियुक्त किया है। मरवाही विधानसभा उपचुनाव में प्रचार हेतु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री सौदान सिंह, केन्द्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, रामविचार नेताम, नंदकुमार साय, पवन साय, विक्रम उसेंडी, रामप्रताप सिंह, सासंद अरूण साव, मोहन मंडावी, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट की चेतावनी के बाद रजनीकांत ने भरा टैक्स

चेन्नई (वार्ता)। मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से एक दिन पहले सुपरस्टार रजनीकांत को मिली चेतावनी के बाद उन्होंने अपने मैरिज हाल का साढ़े छह लाख रू. का बकाया संपत्ति टैक्स भरने के बाद कहा कि इस गलती से बचा जा सकता था। मद्रास न्यायालय ने रजनीकांत को संपत्ति कर जल्द भरने की चेतावनी देते हुए कहा था कि वह टैक्स न भर कर न्यायालय का समय बर्बाद कर रहे है। जिसके बाद उन्होंने अप्रैल-सितम्बर के बीच का छह लाख छप्पन हजार रू. का संपत्ति टैक्स भर दिया जिसकी रसीद ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन द्वारा जारी की गई थी जो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।

टीआरपी मामला

रिपब्लिक टीवी को हाईकोर्ट जाने की 'सुप्रीम' सलाह

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम नयायालय ने टीआरपी घोटाला मामले में दर्ज प्राथमिकी पर मुंबई पुलिस की ओर से जारी समन आदेश के खिलाफ रिपब्लिक टीवी की याचिका पर सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने, हालांकि मुंबई पुलिस आयुक्त द्वारा प्रेस में बयान दिये जाने को लेकर भी गम्भीर चिंता जतायी।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचुड़, न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को पहले बॉम्बे उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। न्यायमूर्ति चंद्रचुड़ ने कहा, हमें अपने उच्च न्यायालयों पर भरोसा रखना चाहिए। उच्च न्यायालयों के हस्तक्षेप के बिना सुनवाई से एक खराब संदेश जाता है। न्यायमूर्ति मल्होत्रा ने कहा कि याचिकाकर्ता संविधान के अनुच्छेद 226 या आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

न्यूज गैलरी

अग्रहरि सॉ मिल में वन विभाग स्पेशल टास्क फोर्स टीम ने दी दबिश, लकड़ियों के दस्तावेज नही मिलने से किया सील

बिलासपुर (नव प्रदेश)। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित वैन परिक्षेत्रों में धड़ल्ले से पेड़ो की कटाई लकड़ियो की तस्करी धडल्ले से कि जा रही है ।कई बार कार्रवाई नही होने से ये लकड़ी तश्कर बड़ी मात्रा में पेड़ो पर कुल्हाड़ी चलकर उन्हें ठूंठ में तब्दील कर देते है फिर लकड़ियों को मोटे दाम पर बेचते है। इन दिनों वन विभाग का स्पेशल टास्क फोर्स टीम उनके खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहा है।इसी क्रम में कोटा वन परिक्षेत्र सूचना के बाद बिलासपुर उड़नदस्ता टीम ने गुरुवार तड़के अग्रहरि सॉ मिल में दबिश दी।जहां फलदार प्रजाति आम और जामुन की अवैध लकड़ियां पायी गयी।जिसके कागजातों के मांग करने पर मिल मालिक दस्तावेज नही प्रस्तुत किया,,कागज नही दे पाने की स्थिति में बिलासपुर वन विभाग स्पेशल टास्क फोर्स टीम ने सील कर दिया। उक्त कार्रवाई सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी जितेंद्र साहू एवं वन परिक्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश शर्मा के द्वारा गठित टीम राजेश सोनवार,,वन पाल ललित श्रीवास,,वेद प्रकास शर्मा ,,अजय मिश्रा समेत अन्य स्टाफों ने कार्रवाई कर अहम किरदार निभाया।

रेल मंडल ने 7 करोड़ 75 लाख रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की

बिलासपुर (नव प्रदेश)। मण्डल द्वारा बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के माध्यम से सितंबर में 1 लाख 7 हजार 367 टन अतिरिक्त लोडिंग कर 07 करोड़ 75 लाख रुपए अतिरिक्त आय अर्जित की गई। राष्ट्रव्यापी संकट के दौरान भी रेलवे द्वारा पार्सल स्पेशल ट्रेन के साथ-साथ मालगाड़ियों के माध्यम से पूरे देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू-रूप से की जा रही है 7 इसके साथ ही साथ रेलवे के जरिये माल यातायात को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड द्वारा माल लदान से जुड़े व्यापारियों तथा आम लोगों के हित को ध्यान में रखते हुये रियायत के साथ विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गई हैं। इसके अलावा बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट(बीडीयू) का गठन किया गया है । बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) में शामिल अधिकारीगण विभागीय कार्यो के अलावा फैक्ट्री मालिकों, कंपनियों, छोटे व्यापारियों और वाणिज्यिक संगठनों से मीटिंग तथा संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों से अवगत करा रहें हैं तथा माल परिवहन के लिए प्रोत्साहित करते हुये अधिकाधिक लदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है 7 बिजनेस डेवेलपमेंट यूनिट के माध्यम से पारंपरिक लदान से हटकर कई नये वस्तुओ का रेल के द्वारा परिवहन शुरू किया गया है 7 इसका सार्थक परिणाम भी मिल रहा है। मण्डल द्वारा बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट योजना के माध्यम से लोडिंग बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य करते हुये सितंबर माह में 01 लाख 07 हजार 367 टन अतिरिक्त माल लोडिंग किया गया जिससे मंडल द्वारा 07 करोड़ 75 लाख रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की गई 7 लोडिंग किए गए माल में 38 हजार 406 टन आयरनओर, 13 हजार 63 टन स्पंज आयरन, 16 हजार 164 टन आयरनओर फ़इन, 04 हजार 50 टन लाइमस्टोन, 11 हजार 31 टन पिग आयरन, 04 हजार 974 टन स्टील, 09 हजार 713 टन गिट्टी, 03 हजार 881 टन शक्कर तथा 06 हजार 85 टन चाँवल शामिल है।

पंडालो को लेकर प्रशासनिक कसावट नहीं समितियों पर आदेश का असर नहीं

मुंगेली (नव प्रदेश)। नगर में दुर्गा पंडालो का बनना प्रारंभ होने लगा है, किंतु इस बार बीते साल की तुलना में इसकी संख्या कम नजर आ रही है, कोरोना संक्रमण की छाया हर त्यौहारो की तरह इस बार नवरात्र पर साफ नजर आ रही है, वही नगर में बनने वाले पंडालो को लेकर कर प्रशासनिक कसावट भी नजर नही आ रही है। गौरतलब हो कि जहां कोरोना संक्रमण के कारण लगातार लाकडाउन फिर प्रशासन द्वारा जारी अस्पष्ट निर्देशो ने आम जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है, वही नवरात्र पर भी प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो का इन समितियों पर कोई विशेष प्रभाव पडता नजर नही आ रहा है। कहा कहा विराजित होगी दूर्गा प्रतिमांए - इस बार बीते साल की तुलना में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना काफी कम होने की संभावना है, रेस्ट हाउस, सामुदायिक भवन , आगर क्लब, बालानी चैक, बडाबाजार, अस्थायी बस स्टैण्ड, मल्हापारा सहित अन्य स्थानो पर दुर्गा प्रतिमांए स्थापित हो रही है। किन्तु शासन के रिर्काड के अनुसार अभी तक कितनी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जावेगी स्पष्ट नही हो पाया है जबकी जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पूर्व समिति को आदेश ले लेना था। शासन के बनाये नियमो का नही हो रहा पालन - जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशो को ताक पर रखकर समिति द्वारा पंडालो की तैयारियों के साथ साथ दूर्गा प्रतिमाओं की उचाई पर भी ध्यान नही दिया जा रहा है। निर्धारित प्रारूप बडी मूर्तियों एवं बडे पंडाल का सडको को धेरकर निर्माण किया जा रहा है।

निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचने वाले का लायसेंस निरस्त

मुंगेली (नव प्रदेश)। कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने जिले में निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचने वाले मनीष कुमार उपाध्यय का लायसेंस निरस्त कर दिया। कलेक्टर श्री एल्मा ने बताया कि आम लोगों और समाचार पत्रों के माध्यम से स्टाम्प वेंडरो द्वारा निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प बेचने की जानकारी लगातार प्राप्त हो रही थी। निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर स्टाम्प पेपर बेचना गैर कानूनी है। इस संबंध में जिले के जिला पंजीयक ने बताया कि विगत दिनों तहसील कार्यालय परिसर के स्टाम्प वेंडर मनीष कुमार उपाध्यय द्वारा तय मूल्य से अधिक मूल्य में स्टाम्प विक्रय करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसे गंभीरता से लेकर उन्हे दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही करने और स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद नही होने पर छत्तीसगढ स्टाम्प नियम 1942 के नियम 27 क एवं ख के आधार पर मनीष कुमार उपाध्याय का लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विभिन्न पदों की परीक्षा 16 को

मुंगेली (नव प्रदेश)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में विभिन्न पदों (व्याख्याता, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक) पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 16.10.2020 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे स्थान बी.आर.साव.शास.उच्च माध्य. विद्यालय मुंगेली में रखा गया है। लिखित परीक्षा में निम्नलिखित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जायेगें। 1. सामान्य ज्ञान, 2. सामान्य विज्ञान, 3. इतिहास, 4. भूगोल, 5. भौतिक, 6. अर्थशास्त्र एवं कक्षा 8 वीं से 12 वीं स्तर के प्रश्न होगें।

एल्डरमैन के शपथ समारोह से नदारद रहे महापौर और सभापति

नवनियुक्त 11 एल्डरमैन ने गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। राज्य शासन द्वारा बिलासपुर नगर निगम में नियुक्त किए 11 एल्डरमैन ने आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ली । शपथ कलेक्टर सारांश मित्तर ने दिलाई । शपथ समारोह की विशेषता थी रही कि कार्यक्रम विधायक शैलेष पाण्डेय और रश्मि सिंह तो मौजूद रहे लेकिन कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी समारोह में नहीं आए ।यहां तक कि महापौर रामशरण यादव और सभापति शेख नजरूद्दीन भी शामिल नहीं हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केसरवानी जरूर उपस्थित रहे मगर वे पार्षद और एम आई सी मेंबर की हैसियत से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। घोषित तिथि से एक दिन पहले ही शपथ समारोह का आयोजन एल्डर मेन के आग्रह पर कलेक्टर ने किया । शपथ समारोह को कांग्रेस की गुटीय राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है । विधायक शैलेष पाण्डेय ने प्रतिक्रिया में विवाद टालने के उद्देश्य से कहा कि कार्यक्रम में जो आए उसका भी भला और जो नहीं आ पाए उसका भी भला । उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त 11 एल्डरमैन में 7 विधायक शैलेष पाण्डेय के समर्थक बताए जा रहे है । एल्डरमैन की नियुक्ति में शहर विधायक की पसंद को तरजीह देने और संगठन की सिफारिश को महत्व नहीं देने का आरोप भी लगता रहा इसीलिए सूची में फेरबदल की मांग भी उठी और नाराजगी भी जाहिर की ग ई ।सरकार की ओर से घोषित सूची में मांग व विरोध के बाद भी कोई फेरबदल नहीं की ग ई । कांग्रेस की गुटीय राजनीति में यह कहा जाने लगा था कि शुरुआती दौर में विधायक शैलेष पाण्डेय को तरजीह नहीं दी जा रही थी और कांग्रेस संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को महत्व दिया जाने लगा था । निगम चुनाव में भी पार्षद प्रत्याशियों के चयन में शहर विधायक की नहीं चली यहां तक कि उनके समर्थक पार्षदों की टिकट काट दी ग ई । अब एल्डरमैन नियुकित में शहर विधायक की पसंद को महत्व देकर गुटीय संतुलन का ध्यान रखते हुए हिसाब बराबर कर दिया गया है हालांकि यह बात संगठन के लोगो को नहीं पच पा रहा है मगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने अपनी चलाकर सबको अहसास तो करा दिया।

कागजों पर निपटा सर्वे का क्रार्यक्रम

सर्वे में कार्यकर्ता दिलचस्पी नहीं दिखा रहे

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोरोना से डरने नही लडने की पाठ पढा कर जिला प्रशासन के द्वारा पुरे जिले में स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 5 से 12 अक्टुबर तक सघन सर्वे अभियान चला कर कोरोना के मरीजो का सर्वे किया गया, पूरे मुंगेली जिले में इन आठ दिनों में 1 लाख 43 हजार 469 घरो में सर्वे कराया गया लक्षण सही पाये गये व्यक्तियों की संख्या 1723 थी, उच्च जोखिम में पाये गये व्यक्तियों की संख्या 172 रही, ए जी टेस्ट किये गये व्यक्तियों की संख्या 846 थी उनमें से पाजिटिव पाये गये व्यक्तियों की संख्या मात्र 51 रही निगेटिव पाये गये व्यक्ति जिनका आर टी पी सी आर लिया गया उनकी संख्या 447 रही जिसमें 20 व्यक्ति पाजिटिव पाये गये।

लगातार बढते कोरोना के मामलो को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जांच में तेजी लाने एव संक्रमण के बढते प्रभाव की रोकथाम करने के लिए घरो घर जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी को निर्देषित किया था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो की जांच की जा सके, कितु स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के बीच उचित ताल मेंल के अभाव में जहां यह कार्य उतनी तनमयता से नही हो पा रहा था, साथ जमीनी अमले को कोरोना की इस भयंकर महामारी से बचाव के कोई साधन मुहैया नही कराये गये था, जिससे ये आंगनबाडी कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा कर सके ।

वही 12 अक्टुबर 10356 घरो में सर्वे किया गया जिसमें से लक्षण सही पाये गये व्यक्तियों की संख्या 93 थी, उच्च जोखिम में पाये गये व्यक्तियों की संख्या 13 रही, ए जी टेस्ट किये गये व्यक्तियों की संख्या 84 थी उनमें से पाजिटिव पाये गये व्यक्तियों की संख्या मात्र 7 रही निगेटिव पाये गये व्यक्ति जिनका आर टी पी सी आर लिया गया उनकी संख्या 59 रही जिसमें एक भी व्यक्ति पाजिटिव नही पाये गये।

नशे के 4 सौदागरों को पुलिस ने उनके ठिकानों से दबोचा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पुलिस ने सौ ग्राम अफीम के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया , इलेट्रॉनिक तराजू 6 हजार नगर रकम भी बरामद की जिनके खिलाफ धारा 17, 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कार्रवाई की गई। बिलासपुर शहर में अबतक नशीली दवा-इंजेक्शन और गांजा जैसे नशीली पदार्थो के जखीरा पुलिस बरामद कर इस कारोबार को चलाने वाले माफियाओं के खिलाफ कई कार्रवाई कर चुकी है किंतु अब शहर में घातक मादक ड्रग्स , हेरोइन पेंडलरों का कनेशन जुड़ने के बाद पुलिस अधीक्षक हाई अलर्ट मोर्ड पर है नशे के खिलाफ कार्रवाई को लेजर जिले के सबन्धित थाना निरीक्षकों को सख्त निर्देशित किया है । यही वजह है इन दिनों लगातार पुलिस नशे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है आज फिर एक ड्रग गिरोह को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई।

सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली कि इंडस्ट्रियल एरिया में अफीम की बिक्री भी धड़ल्ले से की जा रही है । तलाशी के दौरान 27 खोली निवासी युवराज सिंह, सरकंडा निवासी अंकित कुमार घोष, नालंदा बिहार निवासी नरेश रविदास, तालापारा निवासी शमशेर अली और तरणताल पंजाब निवासी जगतार सिंह के पास से अलग-अलग मात्रा में अफीम बरामद किया गया।

जिला पंचायत के अध्यक्ष विभिन्न विकास कार्यों का लिया संकल्प

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिला के लोरमी विधानसभा के आदर्श ग्राम पंचायत गुरुवाईनडबरी, सेनगुड़ा, धरमपुरा, जोतपुर, गातापार का विकाश कार्यो को कराने के लिए दौरा जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर के द्वारा और लोरमी विधानसभा के छाया विधायक शत्रुहन सोनू चंद्राकर के द्वारा किया गया साथ में उपस्थित थे जिला पंचायत सीईओ नूपुर राशि पन्ना जी, और जनपद पंचायत सीईओ प्रीति पवार और साथ ही गांव के गणमान्य नागरिकों को के द्वारा विभिन्न समस्याओं रूबरू हुए और ग्राम पंचायत के निवासियों को उनके गांव में विकाश कार्य कराने के लिए आश्वासन दिया गया जिस पर पूरे सभी ग्राम वासियों मंडी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकार और छाया विधायक सोनू चंद्राकर का आभार प्रकट किया गया।

पुलिस ने जब्त किए तस्करी के 24 मवेशी

पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की

मुंगेली। जरहागांव थाना अंतर्गत ग्राम केशरूवाडिह में पुलिस को सूचना मिली की एक ट्रक में मवेशीयों को भरा जा रहा है जहां एडिशनल एसपी कमलेश चंदेल के मार्गदर्शन पर जिला विशेष शाखा प्रभारी डीएसपी साधना सिंह ने टीम के साथ ग्राम केशरूवाडीह में पहुंचीं जहां केशरूवाडीह चेकडेम के पास पहुंचें वहां खडे ग्रामीण गोविंद टण्डन, राजकुमार यादव से पुछताछ किया जो बताये कि साधे टण्डन एवं पिन्टू रात्रे द्वारा छत्तीसगढ़ के कृषि योग्य पशुओं का वध करने हेतु दिगर प्रान्त बुचड़खाना बेचने के लिए ट्रक में लोड कर ले जाने वाले थे उसी दौरान पुलिस के आने से मौके से साधे एवं पिन्टू रात्रे भाग गये हैं पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमबी 8164 टाटा सुमो क्रमांक सीजी 12 डी 0980, पेसन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 0720 तथा ट्रक में 17 नग मवेशी भैंसा, ट्रक के पास खुंटे में बंधे 07 नग भैंसा को उपस्थित ग्रामीणों गोविद एवं राजकुमार के समक्ष मौके से रात्रि 1.30 बजे जप्त कर पुलिस ने धारा 11(1)घ पशु क्रुरता निवारण अधिनियम तथा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

जरहागांव क्षेत्र में लगातार बढ रही गौ तस्करी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मवेशी तस्करों को पकडने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है पिछले एक पखवाडे में तीन ट्रकों को पकडकर पुलिस ने धारा 11(1)घ पशु क्रुरता निवारण अधिनियम तथा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

उत्तर प्रदेश के मवेशी तस्कर सक्रीय- पुलिस ने अब तक की जांच में पाया कि जरहागांव, हिर्री और तखतपुर थाना अंतर्गत तीन अलग अलग जगह पर गिरोह सक्रीय है और इन तीनों जगहों में भोले भाले ग्रामीणों को बहलाफुसलाकर मवेशीयों की तस्करी की जा रही है।

छात्रों के सैद्धान्तिक एवं कृषकों के प्रायोगिक अनुभव का आदान-प्रदान

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी कोविड-19 दिशानिर्देश के अनुसार ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (तॉम्ध्त्म्।क्ल) कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न कृषि महाविद्यालय के स्थानीय छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली में संलग्न किया गया है। जिसमें कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर, बिलासपुर, जांजगीर चाम्पा, कवर्धा, बेमेतरा, रायपुर, भिलाई एवं भाटापारा के छात्र छात्राए शामिल हैं, इन छात्रों के द्वारा पोषण बाड़ी योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में विभिन्न कार्य किया जा रहा है। छात्रों को ग्रामों में संलग्न कर कृषि से जुड़े समस्त कार्यों को कृषकों के साथ मिलकर संपादित करने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली को निर्देशित किया गया है, एवं विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा उद्यानिकी, प्रसार शिक्षा, कीट विज्ञान, पादप रोग, मृदा विज्ञान एवं सस्य विज्ञान इत्यादि विषयों पर सैद्धान्तिक जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिससे जिले भर के कृषक लाभान्वित हो रहे है, तथा कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली में संलग्न छात्र को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ ही कृषि से जुड़े अन्य प्रायोगिक कार्य का अनुभव हो रहा है। जिससे उनके ज्ञान के स्तर में बढोत्तरी हो रही है। कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर एल शर्मा ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत संलग्न छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं इस कार्यक्रम की प्रभारी विषय वस्तु विशेषज्ञ श्रीमती नेहा लहरे के द्वारा छात्रों को विधिवत तरीके से कृषि के कार्यों में भाग लेने, ग्रामों में सहभागी, ग्रामीण मूल्यांकन करने का तरीका, प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करने की जानकारी विस्तारपूर्वक दी जा रही है।

तथा कृषकों के हित में कार्य

जया गुप्ता केसर वैश्य वेलफेयर समिति की मंत्री नियुक्त

मुंगेली (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ केसर वैश्य वेलफेयर समिति के अध्यक्ष विश्वेश्वर केशरवानी की अनुशंसा तथा समिति के अनुमोदक संरक्षक एवं प्रदेश सभा के अध्यक्ष रतनमणि केशरवानी के अनुमोदन पर समिति ने मुंगेली नगर की सामाजिक कार्यो में निरंतर सक्रिय जया गुप्ता वर्तमान राष्ट्रीय मंत्री अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य महिला महासभा मुंगेली, वर्तमान संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्षा मुंगेली केशरवानी महिला समिति को मंत्री नियुक्त किया है । जया गुप्ता को मंत्री नियुक्त किए जाने पर छत्तीसगढ़ केसर वैश्य वेलफेयर समिति के समावेशक संस्थापक संरक्षक एवं प्रदेश सभा के महामंत्री रोहित कुमार केशरवानी, शुभकामनाऐं प्रेषित कर प्रसन्नता जाहिर की है।

11 किलो गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रतनपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों को कोटा रतनपुर बाईपास मार्ग में वाहन से सहित 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। राज्य से बड़े पैमाने में नशे का कारोबार पनप रहा है बीते दिनों बिलासपुर में ड्रग्स पेंडलरो की चेन मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त हैं । जिनका जिले के समस्त थाना प्रभारियों निर्देश है कि किसी भी नशे की जानकारी मिलते ही , तत्काल कार्रवाई करें। बुधवार को सायबर सेल की मदद से रतनपुर थाना पुलिस के द्वारा दो अलग अलग गाड़ियों में गांजा लेकर जाने की सूचना पर केन्दा मार्ग , लखनीदेवी कोटा मार्ग व कोरिया जाने वाले रास्तों पर नाकाबंदी लगाई गई दोपहर में लगभग 2:30 बजे एक सफेद रंग की सर्वलेट कंपनी की इंज्वाय कार चार पहिया वाहन बिना नम्बर की बेलतरा वाशरी के पास पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगी , जिसे बेलतरा से 2 किलोमीटर आगे घेराबंदी कर रतनपुर पुलिस की दो टीमों द्वारा ग्रामीणों व ट्रक वालों की मदद से पकड़ा गया, कार में तीन युवक सवार थे , कार की तालाशी लेने पर पीछे की दोनों सीट के बीच एक सफेद रंग के बोरे में 11 कि.ग्रा. गांजा मिला।

निरीक्षण कृषि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से देश की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत- सांसद

सांसद ने सड़क योजना के अन्तर्गत 4 सड़कों का भूमि पूजन किया

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। 60-70 सालों तक शासन में रहकर किसानों की भलाई के लिए कुछ भी ना कर वाले लोग आज किसानों के हित मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लागू किये गए कृषि कानून का विरोध करने लगे हैं। नये कृषि कानून पर परिचर्चा करते हुए सांसद अरुण साव ने कही। इससे पूर्व ग्राम लोहड़िया में लोहडिया से कोसमा 7.42 करोड रू, देवरी से कोदवा बानी 6.86 करोड रू एवं कुआगांव से मुंगेली बिलासपुर राज्यमार्ग तक 1.88 करोड रू, बरेला रोड से बठ्हा तक 7.25 करोड रू प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 23.41 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 4 सड़कों का भूमि पूजन किया। जिला भाजपा कार्यालय में सांसद अरुण साव ने कहा कि देश मे गांव गांव सड़कें कब बनी जब भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी प्रधानमंत्री बने और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू की। इसी तरह धारा 370 व 35 ए कब हटा,तीन तलाक कब खत्म हुआ, पाकिस्तान व चीन को उसी की भाषा मे जवाब कब दिया गया, श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग कब प्रशस्त हुआ , इन सारे कब का जवाब यह है कि जब भाजपा के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब यह सब संभव हो सका। इसी तरह किसानों के हितों के संबंध में तब कानून लाया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। सांसद श्री साव ने आगे कहा कि भाजपा व एन डी ए की सरकार ने देश व जनता के हित की उन सभी कानून को लागू किया जिसका विरोध कांग्रेस हमेशा करती रही। सांसद अरुण साव ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अपने पहले ही कार्यकाल से किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रही है। सरकार का पूरा जोर कृषि क्षेत्र को समृद्ध और किसानों को सशक्त बनाने पर रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अभी इन कानूनों का विरोध कर रहे हैं, वो जब सत्ता में थे तो न्यूनतम समर्थन मूल्य के पक्ष में बात करते थे, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए, जबकि मोदी सरकार ने एस.एस. स्वामीनाथन की सिफारिशों के अनुरूप एमएसपी तय किया है। उन्होंने कहा कि एमएसपी पहले की तरह बना रहेगा, जबकि अब किसान को अपनी मर्जी से हर जगह उपज बेचने की स्वतंत्रता भी होगी। नए कृषि सुधार विधेयकों के पारित होने से अब बाजार में प्रतिस्पर्धा होगी और किसानों को अपनी मेहनत के अच्छे दाम भी मिलेंगे। कृषि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से देश की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होगी और अन्नदाताओं को बिचैलियों के चंगुल से मुक्ति मिलेगी।

सतनामी समाज की अहम् बैठक 20 को

मुंगेली (नव प्रदेश)। सतनाम संकल्प यात्रा के तैयारी को लेकर आगामी 20 अक्टुबर को गुरू रूद्र कुमार कैबिनेट मंत्री छ.ग.शासन के आगमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सतनाम भवन दाऊपारा मे आयोजित होगा जिसमें गुरू रूद्र कुमार जी के मुंगेली दौरे को लेकर गुरू प्रवक्ता डां एम.के कौशल व सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेंमत सांग , युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिरी समेत सभी समाज के वरिष्ठ बुध्दजीवी , जनप्रतिनिधि, व्यापारी, समाजसेवी ,कर्मचारीध्अधिकारी , युवा प्रकोष्ठ, समाज के महंत भंडारी , साटीदार आदि इस बैठक में सम्मलित होगे ।

मुंगेली में होने वाले इस महत्वपूर्ण बैठक सतनाम संकल्प यात्रा को सफल व भव्य बनाने की लिए विशेष चर्चा होगी।

■ न्यूज गैलरी

सीएम भूपेश ने मिसाइल मैन श्री कलाम की जयंती पर उन्हें याद किया

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि श्री कलाम का जीवन राष्ट्र सेवा का अनंतकाल तक पढ़े जाने वाला महाग्रंथ है। अपने सपनों को अपना दृढ़ संकल्प बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने वाले राष्ट्रऋषि, मिसाइल मैन श्री कलाम के जन्मदिन पर हम सब उनका पावन स्मरण करते हैं।

पूर्व राष्ट्रपति कलाम की जयंती पर रमन सिंह ने किया नमन

रायपुर। देश के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने ट्वीट कर उन्हें नमन किया है। डा. सिंह ने कहा कि भारत रत्न डा. कलाम स्वर्णिम भारत के स्वप्नदृष्टा थे। युवाओं के सुनहरे भविष्य को लेकर वह सदैव प्रेरणा देते रहे है। उनका सम्पूर्ण जीवन सादगी व सत्य के मार्ग पर चलकर बीता है। मैं उनके चरणों में नमन करता हूं।

कौशिक, बृजमोहन सहित भाजपा नेताओं ने रमन सिंह को ट्वीट कर दी जन्मदिन की बधाई

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह को उनके जन्मदिन पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेताओ ने ट्वीट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही भाजपा नेताओं ने डा. सिंह के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की है।

जनता कांग्रेस को गैर मान्यता प्राप्त दलों की सूची में डालना गलत-अमित

रायपुर। जनता कांग्रेस छग जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने आज अपने ट्वीट अकाउंट में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए पत्र में जनता कांग्रेस को गैर मान्यता प्राप्त दलों की सूची में शामिल किए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लोकतंत्र के साथ इस प्रकार का मखौल चिंताजनक है। अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा कि ऑनलाइन नामांकन चिन्ह आबंटन प्रक्रिया में सीईओ छत्तीसगढ़ का छग के प्रथम व एकमात्र मान्यता प्राप्त दल जनता कांग्रेस को गैर मान्यता प्राप्त दलों की सूची में डाला गया है जो गलत है। उन्होंने कहा कि ऐसा भूलवश हुआ है या फिर जानबूझकर ये तो परसो ही समझ में आएगा।

मप्र विस उपचुनाव : मंत्री शिव कुमार डहरिया ने डबरा में कांग्रेस प्रत्याक्षी सुरेश राजे के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

छग सरकार द्वारा लोकहित में किए गए कार्यों का किया बखान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याक्षी श्री सुरेश राजे के समर्थन में गांव, गली और शहरों में जाकर चुनाव प्रचार किया। डॉ. डहरिया ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों, गरीबों, मजदूरों और व्यापारियों सहित लोकहित में किए गए कार्यों का हवाला देकर लोगों से कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया को मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव में डबरा विधानसभा के लिए जिम्मेदारी सौंपा गया है। मंत्री डॉ. डहरिया ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, गलियों और शहरों में जाकर लोगों से कांग्रेस प्रत्याक्षी श्री सुरेश राजे के पक्ष में वोट मांगा।

मंत्री डॉ. डहरिया ने मध्यप्रदेश के डबरा विधानसभा के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बैठक लेकर उन्हें चुनाव जीतने के टिप्स दिए और कार्यकर्ताओं का हौसला अफ्जाई की। डॉ. डहरिया ने बताय कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार मख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार में आते ही सर्वप्रथम किसानों के अल्पकालीन कृषि ऋण माफ किया। धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए में खरीद कर अपना वादा पूरा किया वहीं पूरे देश में किसानों के फसल को सबसे अधिक कीमत पर खरीदने वाला पहला राज्य है। इसके साथ ही छोटे-बड़े व्यापारियों के हित में बेहतर रणनीति बनाकर प्रदेश के विकास में सहभागी बनने का बीड़ा उठाया है।

पीसीसी अध्यक्ष ने विजय संकल्प लेकर प्रचार रथ किया रवाना

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गुरूवार को मरवाही विधानसभा उपचुनाव विजय का संकल्प लेकर प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

वाणिज्यिक-कर संबंधी मामलों पर मंत्री सिंहदेव को वल्र्यानी ने दिए सुझाव

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना काल में लाक डाउन के चलते उद्योग-व्यापार की गतिविधियॉं लगभग बंद रही। अनलाक होते ही व्यापारी-उद्योगपति अपने-अपने व्यापार-उद्योग को पटरी पर लाने में लग गए। इस दौरान जी.एस.टी संबंधी कंपलायांस के साथ ही वेट के पुराने प्रकरणों के निवृतन से भी उन्हें जूझना पड़ रहा है। लाक डाउन के कारण राज्य शासन का राजस्व भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। अतः वाणिज्यिक कर विभाग ने पुरानी बकाया वसूली और वेट-प्रकरणों के निपटान के लिए भी दबाव बनाया है। इन सबसे व्यापारी-उद्योगपति विचलित एवं परेशान हैं। कोरोना काल में उपजी इन समस्याओं के निदान के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रमेश वल्र्यानी, जो पेशे

से टैक्स एडवोकेट हैं, ने छत्तीसगढ़ के वाणिज्यिक कर मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव से उनके निवास में भेंटकर, उन्हें वेट प्रकरणों के निवृतन, बकाया वसूली, रिफंड आदि को लेकर कुछ व्यवहारिक सुझाव सौंपे ताकि इनका निराकरण हो सके। इस अवसर पर वाणिज्यिक कर विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती मनिन्दर कौर द्विवेदी भी उपस्थित थी।

श्री वल्र्यानी ने वाणिज्यिक कर की बकाया वसूली को लेकर व्यवसायी के बैंक-खाते को सीज करने की विभागीय कार्यवाही को न्यायसंगत बनाने कहा है। इस पर उन्होंने सुझाव दिया है कि जिन प्रकरणों की नियमित सुनवाई में अतिरिक्त मांग सृजित हुई है- उनकी वसूली के लिए अंतिम विकल्प के रूप में बैंक खाता सीज किया जाए। लेकिन वर्तमान परिस्थिति में यह कार्यवाही दीवाली पश्चात् की जाए क्योंकि तब तक नगद तरलता की स्थिति में सुधार आएगा। लेकिन एकपक्षीय कर निर्धारण आदेश में सृजित मांग को लेकर, बैंक खाता सीज करने की कार्यवाही नहीं की जाए, क्योंकि एकपक्षीय आदेश में अनेक छूट प्रमाण के अभाव में नहीं दिए जाने से, मनमानी कर राशि एवं पेनाल्टी सृजित हो जाती है जबकि वास्तविक मांग उतनी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में स्व-प्रेरणा से या व्यवसायी द्वारा आवेदन दिए जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग को ऐसे प्रकरणों को पुनः सुनवाई के लिए रिमांड करना चाहिए। श्री वल्र्यानी ने कोरोना काल में व्यापार-उद्योग को राहत प्रदान करने के लिए उनके रिफंड मामलों का त्वरित निपटारा किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने इनकम टैक्स विभाग का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने ऑन लाइन रिफंड देने में तेजी दिखलाई है लेकिन विभाग अभी भी पुरानी लीक पर चल रहा है और स्क्रूटनी के नाम पर रिफंड को महीनों लटकाए रखा जाता है जो सही नहीं है।

राजभवन की अहम बैठक में नहीं जाने पर घिरे गृहमंत्री

भाजपा का आरोप, बहानेबाजी संवैधानिक अवमानना

■ कांग्रेस ने कहा ये भाजपा की कुत्सित मानसिकता

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबे में कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर पुलिसिया कार्यशैली को लेकर राजभवन में बुलाई गई अहम बैठक में ऐन वक्त पर गृहमंत्री के उपस्थित नहीं होने का मामला तूल पकड़ लिया है। यह मामला तब और सियासी हो गया जब एक ही दिन क्राइम के मुद्दे पर बुलाई गई राज्यपाल की बैठक और मुख्यमंत्री व्दारा समीक्षा बैठक थी। दोनों ही बैठकें पूर्व निर्धारित थीं। लेकिन, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू राजभवन की बैठक में शामिल नहीं हुए और राज्यपाल ने बैठक टाल दी। चौंकाने वाली बात तब हुई कि चंद घंटों बाद ही गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अपने आला अफसरों के साथ मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में उपस्थित हुए। बताते हैं कि राजभवन में बैठक में शिरकत नहीं करने की वजह गृहमंत्री के क्वारंटाईन होने था। ऐसे में भाजपा ने गृहमंत्री के राज्यपाल की बैठक में शामिल नहीं होने और मुख्यमंत्री की बैठक में समय पर उपस्थित होने को लेकर उनकी बहानेबाजी बताया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा राज्यपाल के यहां नहीं जाने और उसी दिन चंद घंटे बाद सीएम हाउस में शरीक होने से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को संवैधानिक अवमानना का दोषी बताया। श्री साय ने कहा राज्यपाल की बैठक में बुलाने के बाद भी शरीक नहीं होना मंत्री की राजनीतिक अशिष्टता का परिचय देता है। इधर भाजपा व्दारा गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को घिरता देख कांग्रेस नेता उनके बचाव पर उतर गए हैं। कांग्रेस नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने गृहमंत्री पर की गई भाजपाई टिप्पणी को कुत्सित मानसिकता बताते हुए ताम्रध्वज साहू का बचाव किया है। उन्हों ने तल्ख अंदाज में कहा कि जिस तरह भाजपा राज्यपाल के कार्यक्रमों के विवरण का राजनीतिकरण कर रही है वह उनकी कुत्सित मानसिकता और मंशा जाहिर करती है। आज गुरुवार को गृहमंत्री के राजभवन ना जाने पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने बयान दिया कि कोरोना संक्रमित रिपोर्ट आने के बाद पीएल पुनिया के संपर्क में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी आए थे।

गला घोटकर हत्या के बाद शव को बहा दिया था डैम में, पीएम रिपोर्ट में खुलासा

■ 12 अक्टूबर को मिला था निषदा डैम में शव

■ अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गला घोटकर हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने के उदेश्य से चौकीदार को डैम में बहा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या के खुलासे के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302,201 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे ग्राम निषदा नहर पानी में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना केदार साहु 24 वर्ष की सूचना पर आरंग पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा करने पर उसकी पहचान नही हो पाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया था। डाक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक का कपड़े से गला घोटकर हत्या करने की जानकारी मिलने पर आस-पास के थानों व समाचार पत्रों के माध्यम से पुलिस उसकी पहचान करने के लिये शव को फोटों खीचकर आस-पास के थानों व समाचार एवं ग्रामवासियों भेजे जाने के बाद बुधवार को जितेंद्र इंटरप्राइजेज के मालिक निखिल अग्रवाल पिता ओम प्रकाश अग्रवाल निवासी अशोका रतन रोड शंकर नगर एवं मदन मोहन अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी अशोक रतन शंकर नगर रायपुर के द्वारा फोटो देखकर मृतक की पहचान विद्या प्रसाद 29 वर्ष पिता रामपाल निवासी रविग्राम तेलीबांधा के रुप में की गई है। पहचानकर्ता ने बताया कि मृतक इंटरप्राइजेज नकटा मंदिर हसौद में चौकीदारी का काम करता था,तथा 11.10.2020 से कंपनी में काम पर नहीं आया। पुलिस के अनुसार किसी ने मृतक का कपड़े से गला घोटकर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से ग्राम निषदा डैम में बहा दिया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

भूमिपूजन...

वार्ड क्रमांक 43 से पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने वार्ड वासियों को वेपोराइजर और चिन्हित स्थानों के लिए डस्टबिन बांटा, एक जगह चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन किया साथ ही एक पेवर लगाने के काम का भी भूमिपूजन किया।

उपलब्धि प्रदेश की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने 121 ईएचटी उपकेन्द संचालित

खराब मौसम से जूझते कर्मियों ने स्थापित किया विशालकाय ट्रांसफार्मर

कोतमीकला उपकेन्द्र में 40 एम.व्ही.ए का पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनीज के अधिकारियों- कर्मचारियों की टीम द्वारा प्रदेश की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए 121 अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। करीब छह माह से कोविड 19 की महामारी से जूझते हुए भी विद्युत कर्मियों ने सुदूर ग्रामीण तक समुचित वोल्टेज पर बिजली पहुंचाने पारेषण प्रणाली के विस्तार कार्य की गति को बनाये रखा है। पारेषण क्षेत्र में प्रगति करते हुए आज 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र कोतमीकला में 40 एम.व्ही.ए. क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर क्रियाशील करने में बड़ी कामयाबी पारेषण कंपनी की टीम को मिली। उक्त जानकारी प्रबंध निदेशक अशोक कुमार ने दी।

आगे उन्होंने बताया कि ईसीई द्वारा निर्मित उक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को खराब मौसम, तेज बारिश के मध्य प्रतिकूल परिस्थितियों में ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की एक्सपर्ट टेक्नीकल टीम ने स्थापित किया। विदित हो कि कोतमीकला उपकेन्द्र में स्थापित लगभग 36 साल पुराना 20 एम.व्ही.ए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर के फेल हो जाने के कारण उसके स्थान पर 40 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्रियाशील किया गया। नव क्रियाशील ट्रांसफार्मर के माध्यम से समुचित भार पर उपभोक्ताओं तक बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित होगी एवं लोड मैनेजमेंट की दृष्टि से भी यह अत्यंत कारगर होगा।

उक्त भारी भरकम पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना-क्रियाशील कार्य में जुटे टीम को श्री कुमार ने बधाई दी। साथ ही प्रदेश की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए युद्धस्तर पर किये जा रहे कार्यों को कोरोना काल में भी समयसीमा में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ''क्वालिटी पॉवर सप्लाई'' सुनिश्चित करने हेतु ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा सुदूर वनाचंलों तक 12 हजार 804 सर्किट किलोमीटर अति उच्च दाब लाईन का विस्तार किया गया है। साथ ही साथ पारेषण प्रणालियों की सुरक्षा हेतु 1085 एम.वी.ए क्षमता के कैपेसिटर संचालित किए जा रहे हैं।

ई-कोर्ट से राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण

■ राज्य के विभिन्न राजस्व न्यायालयों द्वारा 5.21 लाख से ज्यादा प्रकरण निराकृत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयासों से प्रदेश में आम लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ई-कोर्ट के माध्यम से राजस्व विभाग के कार्यो का सरलीकरण कर राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की सार्थक शुरूआत हुई है। अब प्रदेश के सभी जिलों में ई-कोर्ट के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है जिससे लोगों को इसका लाभ मिलने लगा है। प्रदेश भर के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में अब तक करीब पांच लाख 21 हजार 371 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है ।

इससे पहले राजस्व न्यायालय में दर्ज सभी प्रकरणों की जानकारी लेने के लिए जिला अथवा तहसील मुख्यालय आना पड़ता था। राजस्व ई-कोर्ट की शुरूआत होने से संबंधितों के लिए राजस्व न्यायालय में प्राप्त होने वाले सभी आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर आवेदक को पावती मिल रही है। साथ ही पक्षकारों को उनके प्रकरणो में की जा रही कार्यवाही की अद्यतन जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो रही है। विचारधीन प्रकरण एवं खसरा की जानकारी भी ई कोर्ट में उपलब्ध है। पक्षकारों को सुनवाई के बाद आगामी पेशी तारीख की एसएमएस या मैसेज के माध्यम से सूचना भी दी जा रही है। प्रत्येक न्यायालय की वाद सूची ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रही है।

राजस्व प्रशासन ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था प्रारंभ की गई है। राजस्व न्यायालयों में संधारित किए जाने वाले दायरा पंजी, वाद पंजी एवं अर्थदण्ड पंजी को ई-कोर्ट व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन किया गया है। ई-कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों से संबंधित भूमि की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करायी गई है। आम जनता को भू अभिलेखों की दुरूस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने एवं आवेदन पर की गई कार्यवाही की वर्तमान स्थिति ऑनलाईन देखने की सुविधा दी जा रही है। पटवारी द्वारा संधारित नामांतरण पंजी को भी ऑनलाईन नामांतरण पंजी में परिवर्तित किया गया है। भू अभिलेखों तक लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु एन्ड्राइड एप्प पर उपलब्ध कराया गया है। खसरा एवं बी-1 की डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रतिलिपि ऑनलाईन निःशुल्क कही से भी कभी भी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

राजस्व ई-कोर्ट के तहत राजस्व न्यायालय मे कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार तक के सभी न्यायालय पंजीबद्ध हैं।

संपादकीय

मदिरालय खुले तो मंदिर बंद क्यों

अनलॉक-5 के दौरान देशभर में पिछले 7 माह से बंद पड़े सीनेमाघरों को भी खोलने की सशर्त अनुमति दे दी गई है। इसके पूर्व ही मदिरा दुकानों, बारों और होटलों को भी खोलने की अनुमति मिल चुकी थी किन्तु महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में अभी भी मंदिरों के द्वार भक्तों के लिए बंद रखे गए है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब मदिरालय खोले जा सकते है तो मंदिरों को आखिर क्यों बंद रखा जा रहा है। महाराष्ट्र स्थित शिरडी के सांई बाबा के मंदिर को खोलने की मांग को लेकर साधु संतो ने महाराष्ट्र की ठाकरे सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। साधु संतों का कहना है कि क्या कोरोना वायरस मंदिरों से ही फैलता है मदिरालयों से कोरोना नहीं होता है क्या? इस बारे में महाराष्ट्र के राज्यपाल ने भी ठाकरे सरकार को नसीहत दी थी की वो साधु संतो की भावनाओं का सम्मान करते हुए बंद पड़े मंदिरों को खोलने के लिए उचित कदम उठाएं लेकिन उद्धव सरकार अभी भी कोरोना वायरस के संक्रमण का हवाला देकर मंदिरों को खोलने के पक्ष में नहीं है जबकि देश के विभिन्न राज्यों में मंदिरों को भक्तों के लिए खोला जा चुका है और वहां भक्तगण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने आराध्यदेव के दर्शन का लाभ उठा रहे है। ऐसा महाराष्ट्र में भी हो सकता है लेकिन उद्धव ठाकरे सरकार अपनी जिद पर अड़ी हुई है जिससे संत समाज में उद्धव सरकार के खिलाफ असंतोष फैल रहा है और वे आंदोलित हो रहे है बेहतर होगा कि महाराष्ट्र सरकार इस बारे में जल्द से जल्द उचित निर्णय लें। सरकार को यह समझना चाहिए कि भक्तों की भावनाएं मंदिरों से जुड़ी हुई है कोरोना काल में वे मानसिक शांती के लिए भगवान की शरण में जाना चाहते है यदि वे सावधानी बरतते है और सामाजिक दूरी का पालन करते है तो मंदिरों को खोलने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। जब सरकार सिनेमाहाल और स्वीमिंग पूल आदि को खोल रही है जहां कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा ज्यादा है तो मंदिर खोलने में एतराज आखिर क्यों। शराब दुकाने खोलने से कई राज्यों में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैला है क्योंकि वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जाता लेकिन सरकार को इससे भारी राजस्व मिलता है इसलिए वह शराब दुकानों को तो खोल चुकी है लेकिन मंदिरों को खोलने के नाम पर आनाकानी कर रही है जो कतई उचित नहीं है।

विचार

फिल्मी-जगत का गुस्सा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

देश के 34 फिल्म-निर्माता संगठनों ने दो टीवी चैनलों और बेलगाम सोश्यल मीडिया के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा ठोक दिया है। इन संगठनों में फिल्मी जगत के लगभग सभी सर्वश्रेष्ठ कलाकार जुड़े हुए हैं। इतने कलाकारों का यह कदम अभूतपूर्व है। वे गुस्से में हैं। कलाकार तो खुद अभिव्यक्ति की आजादी के अलम बरदार होते हैं। लेकिन सुशांत राजपूत के मामले को लेकर भारत के कुछ टीवी चैनलों ने इतना ज्यादा हो-हल्ला मचाया कि वे अपनी मर्यादा ही भूल गए। उन्होंने देश के करोड़ों लोगों को कोरोना के इस संकट-काल में मदद करने, मार्गदर्शन देने और रास्ता दिखाने की बजाय एक फर्जी जाल में रोज़ घंटों फंसाए रखा। सुशांत ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है, इस मनगढ़त कहानी को लोक-लुभावन बनाने के लिए इन टीवी चैनलों ने क्या-क्या स्वांग नहीं रचाए ? इन्होंने सुशांत के कई साथियों और परिचितों पर उसे ज़हर देने, उसे नशीले पदार्थ खिलाने, उसके बैंक खाते से करोड़ों रु. उड़ाने और उसकी रंगरलियों के कई रसीले किस्से घढ़ लिए। यह सारा मामला इतना उबाऊ हो गया था कि आम दर्शक सुशांत का नाम आते ही टीवी बंद करने लगा था। इन बेबुनियाद फर्जी किस्सों के कारण उस दिवंगत कलाकार की इज्जत तो पैंदे में बैठी ही, फिल्मी जगत भी पूरी तरह बदनाम हो गया। यह ठीक है कि फिल्मी जगत में भी कमोबेश वे सब दोष होंगे, जो अन्य क्षेत्रों में पाए जाते हैं लेकिन इन चैनलों ने ऐसा खाका खींच दिया जैसे कि हमारा बॉलीवुड नशाखोरी, व्यभिचार, ठगी, दादागीरी और अपराधों का अड्डा हो। सच्चाई तो यह है कि फिल्मी जगत पर जैसी सेंसरशिप है, किसी क्षेत्र में नहीं है। इसीलिए भारतीय फिल्में राष्ट्र निर्माण में बेजोड़ भूमिका अदा करती हैं। मुंबई के कलाकार मजहब, जाति और भाषा की दीवारों को फिल्मों में ही नहीं लांघते, अपने व्यक्तिगत जीवन में भी जीकर दिखाते हैं। सुशांत-प्रकरण में हमारे टीवी चैनलों ने अपनी दर्शक-संख्या (टीआरपी) बढ़ाने और विज्ञापनों से पैसा कमाने में जिस धूर्त्तता का प्रयोग किया है, वह उनकी इज्जत को पैंदे में बिठा रही है। यह ठीक है कि जिन नेताओं और पार्टी प्रवक्ताओं को अपना प्रचार प्रिय है, वे इन चैनलों की इस बेशर्मी को बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन देश में मेरे-जैसे लोग भी हैं, जो इन चैनलों के बेलगाम एंकरों को ऐसी ठोक लगाते हैं कि वे जिंदगी भर उसे याद रखेंगे। देश के कुछ टीवी चैनलों का आचरण बहुत मर्यादित और उत्तम है लेकिन सभी चैनलों पर 1994 के 'केबल टेलिविजन नेटवर्क रुल्स' सख्ती से लागू किए जाने चाहिए। उनको अभिव्यक्ति की पूरी आजादी रहे लेकिन यह देखना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई चैनल लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन न कर पाए और करे तो वह उसकी सजा भुगते।

खाद्यान्न के प्रबंधन से सिद्ध होगी खाद्य दिवस की सार्थकता

विश्व खाद्य दिवस पर विशेष

मुनीष भाटिया

खाद्य सुरक्षा और पोषण के उद्देश्य से जन जागरण हेतु संयुक्त राष्ट्र ने 16 अक्टूबर 1945 को विश्व खाद्य दिवस मनाने की शुरुआत की थी ‌‌ संयुक्त राष्ट्रन संघ की स्थीपना वर्ष 1945 में कृषि उत्पा दन और वंचित जनसँख्या के जीवन-यापन में सुधार, खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के स्तषर को उन्नदत बनाने के उद्देश्य के साथ की गई थी किन्तु भुखमरी की समस्या से फिर भी निजात मिलती नहीं दिखती ‌ कांफ्रेस ऑफद फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन ने वर्ष 1979 से विश्व खाद्य दिवस मनाने की घोषणा की थी ताकि खाद्य सुरक्षा और पोषण के उद्देश्य से एक जन आन्दोलन खडा किया जा सके। विश्व में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या पर अंकुश लगाने के लिए और खाद्यान्न के महत्व को समझते हुए एवं इसकी बर्बादी रोकने के लिए, वर्ष 1980 से प्रत्येक वर्ष 16 अक्टूबर को 'विश्व खाद्य दिवस' का आयोजन विश्व भर में इस उद्देश्य से शुरू किया गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का 40 फीसदी अनाज जो भारत में उत्पन्न होता है वह बर्बाद हो जाता है यह अपव्यय वभिन्न चरणों में होता है जैसे कि फसल की सिंचाई से लेकर उनके भंडारण और फिर उपभोक्ता द्वारा अनियमित उपयोग के स्तर पर होता है ।पर्याप्त उत्पादन के फलस्वरूप 40 प्रतिशत की उपज का अपव्यय हो जाना उस राष्ट्र के लिए भयंकर चिंताजनक है जहां की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार हो ।विश्व के तमाम देशों में उस देश के लोगों के खाद्यान्न की सुरक्षा बारे जानकारी देने के लिए 117 देशों का एक समूह बनाया गया है जो प्रत्येक वर्ष उस देश में भूख और कुपोषण इत्यादि पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है जिसे ग्लोबल हंगर इंडेक्स के तौर पर विश्व पटल पर सार्वजनिक किया जाता है ।यह रिपोर्ट किसी देश में कुपोषित बच्चों के अनुपात, पांच साल से कम आयु वाले बच्चे जिनका वजन या लंबाई उम्र के अनुसार औसत से कम है और पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों में मृत्यु दर के आधार पर तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत भूख और कुपोषण के मामले में वर्ष दर वर्ष निचले पायदान पर खिसकता जा रहा है जो कि भारत जैसे विकासशील जैसे देश के लिए लज्जा का विषय है ।वर्ष 2019 की इस 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स' रिपोर्ट में भारत को 102वां स्थान मिला था । इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब भी भुखमरी खतरनाक स्तर पर मौजूद है। भारत का यह स्थान एशियाई देशों में सबसे निचले स्तर पर है। वर्ष 2014 में इस रिपोर्ट के अनुसार भारत 55वें पायदान पर,वर्ष 2015 में 80वें स्थान पर, साल 2016 में 97वें स्थान पर, साल 2017 में 100वें स्थान पर और साल 2018 में 103वें स्थान पर था। लगातार गिर रहे भूख और कुपोषण के मामलों के बावजूद देश में अनाज का 40 प्रतिशत बर्बाद हो जाना चिंता का विषय है जिसे उचित प्रबंधन से रोका जा सकता है ‌

संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्तर से शुन्य भुखमरी करने के लिए सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये हैं जिनमें वर्ष 2030 तक विश्व से भुखमरी मिटाना, सुरक्षित, पौष्टिक

विश्व खाद्यान्न दिवस को प्रत्येक वर्ष इस शपथ के साथ कि विश्व में खाद्यान्न की बर्बादी को रोक कर कुपोषण की समस्या को दूर किया जाये ‌ लेकिन अफ़सोस कि पर्याप्त अनाज के उत्पादन के बावजूद खाली पेट सोने वाले के आंकड़ों में कमी नहीं आई है बल्कि भूख से मरने वाले लोगों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धि हो रही है ‌ यही कारण है कि भारत 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स में निरंतर निचले पायदान पर खिसकता जा रहा है।

और पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है साथ ही कृषि की उन्नत तकनीक से उत्पादन बढाने और सुरक्षित भंडारण का लक्ष्य रखा है ताकि प्राकृतिक विपरीत परिस्थितियों में भी सभी को भर पेट पौष्टिक भोजन मिल सके ।वैसे तो आज भुखमरी की समस्या वैश्विक है । लगभग सभी देश किसी ना किसी रूप से भूख से मरने वालों की जनसँख्या चिंता का कारण बनी हुई है लेकिन भारत में उत्पादन की भरपूर पैदावार होने के बावजूद भूखे को पोषित अन्न ना मिल पाना हमारे विकास के सभी दावों पर प्रश्नचिंह उत्पन्न करता है ।पिछले दिनों लाक़डाउन के दौरान मजदूरों के पलायन में भारत में भूख की समस्या का भयावह चेहरा पूरे विश्व ने देखा ।यह प्रवासी मजदूरों की रोजी रोटी की समस्या ही है जो उन्हें रोज़गार की तलाश में अपनी रिहायशी स्थल से सैंकड़ों मील दूर महानगरों की और आकर्षित करती है ।आज़ादी के इतने वर्षों की बाद यह बड़े शर्म की बात है कि आम भारतवासी को उसके रिहाईशी स्थल पर रोजगार मुहैया करा पाने में हमारी आज तक की सभी सरकारें पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पाई हैं ।स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय मुद्दे बनाने की होड़ में किसी भी राजनैतिक दल का ध्यान देश में भुखमरी के खिलाफ एक आन्दोलन खड़ा करने में कोई प्रयास नहीं कर रही ।वोटों की चाह में आज भी भारत की भोली भाली गरीब जनता को हिन्दू मुस्लिम जैसे साम्प्रदायिक और अन्य जातिगत मुद्दों में ही फंसाए रखना चाहती हैं ताकि आम नागरिक का ध्यान इंसान की मूल जरूरत की और आकर्षित ही ना हो पाए। यह विडम्बना ही कही जायेगी कि भारत में एक वर्ग ऐसा भी है जहाँ खाद्य पदार्थों को बर्बाद किया जा रहा है वहीं एक तरफ एक विशाल जनसंख्या है जिसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती ।इसके लिए जरूरी है कि खाद्यान्न प्रबंधन के अंतर्गत समाज के प्रत्येक स्तर पर समुचित प्रबंधन किया जाये एवं किसी चरण पर यदि खाद्यान्न की बर्बादी हो रही है तो उसके सुधार हेतु कठोर कदम तत्काल प्रभाव से कार्यन्वित करवाने होंगे ।जिसकी शुरुआत स्वयं से ही करनी होगी और सर्वप्रथम हमें अपनी अनावश्यक खाद्य पदार्थों की खरीदारी को अंकुश लगाना होगा ।आवश्कता के अनुसार खाद्य पदार्थों की खरीद इनकी बर्बादी रोकने बारे हमारा पहला कदम हो सकता है ।एक अनुसंधान जांच में पाया गया कि एक मुश्त खरीद बर्बादी का कारण बनती है ।अतः घर की जरूरत के अनुसार खाद्य पदार्थों की खरीद एकमुश्त ना कर के टुकड़ों में क्रय किया जाए एवं बचे हुए भोजन के फेंकने की अपेक्षा उसे उपयोग करने की आदत डाली जाये तभी खाद्यान्न के अपव्यय को रोका जा सकता है। स्वतंत्रता के पश्चात अनाज की पैदावार में तो पांच गुना की वृधि हुई है पर यही अनाज सही हाथ तक पहुँचने की बजाए हर वर्ष बर्बाद हो रहा है जिसका मुख्य कारण मांग एवं आपूर्ती के मध्य संतुलन ना होना ही मुख्य कारक है ।यह विडम्बना ही है कि जहां भोजन की आवश्यकता है वहाँ की आबादी कुपोषण और भुखमरी से जूझ रही है और जहाँ आबादी के लिए पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध है वहां उचित भंडारण के अभाव में प्रत्येक वर्ष अनाज खराब हो जाता है ।प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न की उपज के बावजूद भंडारण के अभाव में खुले में अनाज सड़ता रहता है जो कि सड़ने के बाद लागत मूल्य से कम, खुले बाजार में सरकार द्वारा विक्रय किया जाता है जिसमें शासकीय धन में भ्रष्टाचार का अंकुर फूटने लगता है अतः जरूरी है कि खाद्यान्न के मामले में मांग और आपूर्ती में पर्याप्त संतुलन रखा जाये और इसकी बर्बादी को रोका जा सके।

समाजवाद के प्रर्वतक थे महाराजा अग्रसेन

रमेश सर्राफ

कहते हैं कि एक बार अग्रोहा में बडी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। वैसे महाराजा अग्रसेन पर अनगिनत पुस्तके लिखी जा चुकी हैं। सुप्रसिद्ध लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र जो खुद भी अग्रवाल समुदाय से थे। उन्होने 1871 में अग्रवालों की उत्पत्ति नामक एक प्रामाणिक ग्रंथ लिखा है। जिसमें विस्तार से इनके बारे में बताया गया है।

महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी।

महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रर्वतक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी थे। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है। धार्मिक मान्यतानुसार मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चैंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवशीं क्षत्रिय कुल के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा अग्रसेन का जन्म हुआ। जिसे दुनिया भर में अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजा

वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये थे। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इस के राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। वे एक धार्मिक, शांति दूत, प्रजा वत्सल, हिंसा विरोधी, बली प्रथा को बंद करवाने वाले, करुणानिधि, सब जीवों से प्रेम, स्नेह रखने वाले दयालू राजा थे। महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है। अग्रसेन अपने छोटे भाई शूरसेन को प्रतापनगर का राजपाट सौंप दिया। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे।

उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्म-रक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। एक बार यज्ञ में बली के लिए लाए गये घोडे को बहुत बैचैन और डरा हुआ देख उन्हें विचार आया कि ऐसी समृद्धि का क्या फायदा जो मूक पशुओं के खून से सराबोर हो। उसी समय उन्होंने पशु बली पर रोक लगा दी। इसीलिए आज भी अग्रवंश समाज हिंसा से दूर रहता है। कहा जाता है कि महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और नए आदर्श स्थापित किए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है ईमान मुश्किल

है ईमान मुश्किल बचाना यहाँ पर सरल सीधी राहें दिखाना यहाँ पर नयन में तो झाँके बहुत लोग आकर कठिन छुप के काजल चुराना यहाँ पर हवा से तो होगा उन्हें डर हमेशा जो सीखे न दीपक जलाना यहाँ पर खुशी जिनसे मिलती हो हरदम ही तुमको नहीं ठीक उनको रुलाना यहाँ पर ज़रा खुद भी सुधरें, जो जग को सुधारें है 'भवि' को तो इतना बताना यहाँ पर। – शुचि 'भवि'

कभी-कभी लगता है

कभी-कभी लगता है बहुत अकेली हूं सब तो मेरे अपने हैं आसपास रिश्ते अनुसार मान सम्मान भी फिर ये मन का खालीपन कहाँ गयी खुशियां वो सावन का पानी,चहचहाहट, गुदगुदाहट रो के मुस्कुरा उठने वाला दिल कोई लौटा दे मेरे बीते दिन। – सुनीता पुष्पराज पाण्डेय

खास पाती | हालात जिंदगी के ....बिगड़ते

हालात जिंदगी के ....बिगड़ते चले गये साये भी खुद के खुद से बिछड़ते चले गये मेरे घोंसले को बाज़ की खूनी नज़र लगी तिनके औ पर हवा में बिखरते चले गये सुनकर के दर्द होता गर्म गोश्त के किस्से आवारगी के शहर में सब सजते चले गये शाखे दरख्त पर था परिंदों को जो गुमान आई हवा तो जड़ से उखड़ते चले गये मंजूर था ना इश्क़ की सरहद को लाँघना मेरे सराये दिल में सभी ठहरते चले गये थी पाक मुहब्बत निभाती परदेदारियाँ ताज़िंदगी हम इश्क़ में लड़ते चले गये सुलझेंगे पेंचे जुल्फ सुब्ह का इंतज़ार कर सुलझन के रेशे रेशे .... उलझते चले गये ना सोचकर लिखा कभीं हमने मिजाज़ में इल्जाम हम पर लोग क्यों धरते चले गये। – नरेन्द्र पाण्डेय

हर सहर घर से भगाता ये

हर सहर घर से भगाता ये किराये का मकां रात की नींदें उड़ाता ये किराये का मकां बोझ इतना सा फ़क़त की सैलरी हो हांथ में फिर भी पैदल ही चलाता ये किराये का मकां मोल की रोटी, पढ़ाई और अम्मा की दवा बाप का बीपी बढ़ाता ये किराये का मकां पैंट सब उजड़ा हुआ है शर्ट की कॉलर फटी बूट के पैसे भी खाता ये किराये का मकां नौकरी छोटी बहुत है, फ़र्ज़ है काफ़ी बड़ा उम्र भर बस आज़माता ये किराये का मकां। – जतिन फैज़ाबादी

बुराई करना रोमिंग की तरह है करो

बुराई करना रोमिंग की तरह है करो तो भी चार्ज लगता है और सुनो तो भी चार्ज लगता है और नेकी करना जीवन बीमा की तरह है। जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी तो धर्म की प्रीमियम भरते रहिये और अच्छे कर्म का बोनस पाते रहिये। – पीएल श्रीवास्तव

पिता पेड़ की वह फुनगी हैं जिसको

पिता पेड़ की वह फुनगी हैं जिसको हमने छू न पाया ।। झुक आते हैं सूरज-चन्दा नम नदिया के शीतल जल पर लेकिन पिता नहीं झुक पाते ममता के गीले इस्थल पर आकाशी गंगा के वासी पता नहीं उनका मिल पाया ।। चट्टानें भी ढह जातीं जब उग आती है उन पर धनिया उनका मन हीरे का टुकड़ा बुद्धि बनी है चालू बनिया रही पूजती खामोशी को फिर भी दर्शन हो न पाया ।। मेरे भीतर हैं वे हर पल फिर भी उनको ढूंढ न पाई कौन घड़ी में विधना तूने ऐसी अनगढ़ भीत उठाई अभिभूत है जीवन मेरा उसने पाया,उनका साया।

–कल्पना मनोरमा



चलो इक सफर पे चलें जिंदगी

चलो इक सफर पे चलें ,जिंदगी की रवानी बने । तुम मेरे मै तुम्हारी सदा,प्यार की इक कहानी बने।झूमती इस डगर की कोई, याद बस इक सुहानी बने।ये समा जो बंधा प्यार का,उस बसर की जुबानी बने। – सुलोचना खुराना

बंद कमरों की सदा है अपनों

बंद कमरों की सदा है, अपनों से ही ये मिला है। उनकी इस चारागरी से, मर्ज़ बढते जा रहा है। दर्द से यारी हुई है । आंसुओं का आसरा है। इश्क दीयों का मुहाफ़िज़, हुस्न इक जंगली हवा है। क़त्ल मेरा कर रही वो दिल, जिसे कहता खुदा है। – डॉ संजय दानी

काश वो साथ ना छूटता, ना यादें

काश वो साथ ना छूटता, ना यादें होती, ना इन्तजार रहता ना देखती भीड़ को यूँ दूर से जाते हुए, मुद्दतों बाद भी तुम हमारे होते, रहते हमेशा साथ तो हर रिश्तें प्यारे होते । पर एक इस नसीब से हर कोई हारा है, कहते किसे अपना, जब दिल ही नही हमारा है! – मोहिनी गुप्ता

QUIZ TIME

1) टप्पा क्षेत्र से पाया जाता है-

2) यह योजना वर्ष 2005 में प्रारम्भ की गई थी। इस योजना में प्राकृतिक जल संसाधनों के उपयोग, कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए छोटे सीमान्त कृषकों को कूप निर्माण एवं पम्पों पर अनुदान दिया जाता ह। योजना का नाम बताइए?

3) कौन-सा स्थान सर्वाधिक टमाटर उत्पादन करने वाला क्षेत्र है। बड़े पैमाने पर टमाटर के उत्पादन के कारण इसे छत्तीसगढ़ की टमाटर राजधानी भी कहा जाता है।

4) छत्तीसगढ़ में शीतकाल में चलने वाली शीत लहर को स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है?



5) भोरमदेव मंदिर के पास एक और महत्वपूर्ण एतिहासिक स्मारक का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सोना (2) शाकम्बरी योजना (3) लुडेग, जशपुर जिला (4) सुर्रा (5) मड़वा महल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1905 - लार्ड कर्जन ने बंगाल का पहला विभाजन किया। 1939 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया। 1944 - प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का जन्म। 1948- बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म। 1948- ओडिशा के मुख्यंत्री नवीन पटनायक का जन्म। 1951 - पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या। 1959 - राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना। 1964 - चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट किया। 1968 - हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1984 - दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया। 1994 - स्वतंत्रता सेनानी गणेश घोष का निधन। 1999 - अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबन्ध लगाया। 2002 - 14वें एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक विजेता डोपिंट टेस्ट में असफल रहने के बाद भारत की सुनीता रानी का पदक छीना गया। 2003 - मलयाली फिल्मकार अडूर गोपाकृष्णन को फ्रांस के दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कमांडर आफ़ द आर्डर आफ़ आर्ट्स एंड लैटर्स' से सम्मानित किया गया। 2004 अमेरिका ने इराकी अबू मुसार जल जरकावी के संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया। 2011- भारतीय मूल के धावक 100 वर्षीय फ़ौजा सिंह ने सबसे अधिक उम्र में टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन पूरा किया।

‘अनफेयर एंड लवली’ में नजर आयेगी इलियाना-रणदीप की जोड़ी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की जोड़ी आने वाली फिल्म ‘अनफेयर एंड लवली’ में नजर आयेगी। सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया ने मूवी टनल प्रोडक्शन्स के साथ मिलकर अपनी अगली फिल्म ‘अनफेयर एंड लवली’ की घोषणा की है। यह एक मजेदार कॉमेडी फिल्म है जो भारत में गोरी त्वचा के प्रति लोगों के जुनून को दर्शाती है। हरियाणा की पृष्ठभूमि पर सेट की गई यह फिल्म एक ऐसी सांवली लड़की की कहानी है जिसे भारतीय समाज में रंगभेद के चलते प्रताड़ित किया जाता है। इस फिल्म में इलियाना डिक्रूज लवली के किरदार में नजर आएंगी। ’सांड की आंख’ और ‘मुबारकां’ जैसी फिल्मों के पटकथा लेखक बलविंदर सिंह जंजुआ इस फिल्म से निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। इस फिल्म की स्क्रिप्ट को बलविंदर सिंह जंजुआ, रूपिंदर चहल और अनिल रोहन ने लिखा है, संगीत अमित त्रिवेदी का है और गीत इरशाद कामिल द्वारा लिखे जायेंगे।

इलियाना ने कहा, ‘लवली’ यह किरदार निभाना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत अलग और एक अनूठा अनुभव होगा, और लोग इस किरदार से खुद को जोड़ पाएंगे। इस फिल्म के बारे में मुझे जो सबसे ज़्यादा पसंद आया है, वह है इसका नरेशन जो बिल्कुल भी उपदेशात्मक नहीं है, बल्कि यह एक मज़ेदार कहानी है जो दर्शकों को हंसता और मुस्कुराता छोड़ जाएगी। सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया और बलविंदर सिंह जांजुआ की टीम ने सुनिश्चित किया है कि इस विषय को बहुत संवेदनशीलता के साथ पेश करेंगे, हालांकि इसे जितना संभव हो उतना हास्यपूर्ण रखेंगे। रणदीप हुड्डा ने कहा, ÷मुझे लगता है कि लोगों को हंसाना इतना आसान नहीं है , हास्य शैली ने मुझे लंबे समय से अपनी ओर आकर्षित किया है। मैं बेहद खुश हूं कि इस हास्य फिल्म से मैं अपने हास्य शैली का प्रदर्शन करूंगा। फिल्म के पहले नरेशन के दौरान ही इसकी कहानी मुझे बेहद पसंद आ गई थी।

जल्द ही कैंसर को हरा दूंगा : संजय दत्त



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन संजय दत्त को उम्मीद है कि वह जल्द ही कैंसर को हरा देंगे। संजय दत्त पिछले कुछ समय से कैंसर का इलाज करा रहे हैं। हाल ही में संजय दुबई से मुंबई वापस लौट आए हैं। संजय दत्त को मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम के सैलून के बाहर स्पॉट किया गया। आलिम हकीम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर संजय दत्त का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह हेयरकट कराते नजर आ रहे हैं।

संजय दत्त कहते हैं, ÷हाय, मैं संजय दत्त हूं। सैलून में वापस आकर अच्छा लगा। बाल कटवाने आया हूं। यदि आप इसे देख रहे हैं, तो यह मेरे जीवन का हालिया निशान है, लेकिन मैं इसे हरा दूंगा। संजय दत्त ने कहा, ÷आलिम और मैं बहुत पुराने दोस्त हैं। उनके पिता मेरे पिता के बाल काटते थे। हकीम साब ‘रॉकी’ में स्टाइलिस्ट थे और फिर आलिम ने मेरे बाल काटने शुरू कर दिए। मैं उनका गिनी पिग बन गया। मैं केजीएफचैप्टर 2 के लिए दाढ़ी बढ़ा रहा हूं, मैंने शेव कर लिया था लेकिन फिल्म में अपने लुक के लिए मुझे इसकी जरूरत है, जिसे हम नवंबर में शुरू कर रहे हैं। मैं सेट पर वापस लौटकर बहुत खुश हूं।

माधुरी ने वुमनिया सॉन्ग पर किया बेली डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित ने वुमनिया सॉन्ग पर बेली डांस किया है जिसे सोशल मीडिया पर बेहद पसंद किया जा रहा है। माधुरी दीक्षित ने फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ अपने डांस से लोगों का दिल जीता है। माधुरी दीक्षित इन दिनों घर पर रहते हुए भी अकसर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। वह अपनी फोटो और वीडियो साझा कर अपनी हर एक्टिविटी को फैंस के साथ शेयर करती हैं। माधुरी दीक्षित का एक वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है, जिसमें वह जबरदस्त अंदाज में वुमनिया सॉन्ग पर बेली डांस करती हुई नजर आ रही हैं। माधुरी दीक्षित का यह वीडियो उनके फैनपेज ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से शेयर किया है, जिसने देखते ही देखते सोशल मीडिया पर धमाल मचाकर रख दिया है। वीडियो में माधुरी ब्लैक साड़ी में जबरदस्त अंदाज में बेली डांस करती दिखाई दे रही हैं।

सलमान ने पूरी की ‘राधे’ की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान आने वाली फिल्म ‘राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई’ की शूटिंग पूरी कर ली है। कोरोना काल में लॉकडाउन में ढील के बाद से फिल्मों की शूटिंग फिर से शुरू कर दी गयी है। सलमान ने भी फिल्म ‘राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई’ की शूटिंग शुरू कर दी थी। सलमान ने प्रभु देवा के निर्देशन में बन रही फिल्म ‘राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई’ की शूटिंग पूरी कर ली है। सलमान खान फिल्म्स के आधिकारिक हैंडल से सोशल मीडिया पर सलमान खान का एक वीडियो पोस्ट करते हुए शूटिंग खत्म होने की घोषणा की गई है। सलमान खान फिल्म्स ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, एंड इट्स रैप राधे।

परिसर को ग्रीन, ऑरेंज, येलो और रेड ज़ोन में विभाजित करने की योजना बनाई गई

साई पर शूटिंग शिविर को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोर ओलंपिक निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय शूटिंग शिविर डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो महीने (15 अक्टूबर -17 दिसम्बर) की अवधि के लिए होगा जिसे सुरक्षित रखने की संयुक्त जिम्मेदारी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन (एनआरएआई) की होगी।

साई और एनआरएआई द्वारा संयुक?त रूप से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को बनाए रखने की जिम्मेदारी ली जाएगी। शिविर एक सुरक्षित जैव सुरक्षित वातावरण में होगा जिससे एथलीट सुरक्षित रूप से प्रशिक्षित हो सकें और कोरोनो वायरस के प्रकोप को रोक सकें। शूटिंग रेंज के रखरखाव की जिम्मेदारी डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के प्रशासक के पास होगी। सुरक्षा को बनाए रखने और परिसर और रेंज कर्मियों के बीच संपर्क को कम करने के लिए जोखिम श्रेणी की प्रकृति के आधार पर परिसर को ग्रीन, ऑरेंज, येलो और रेड ज़ोन में विभाजित करने की योजना बनाई गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन आयोजन स्थल के पास एक होटल में भोजन और ठहरने की व्यवस्था करेगा, जिसके लिए भारतीय खेल प्राधिकरण मौजूदा मानदंडों के अनुसार सहायता प्रदान करेगा। होटल से लेकर शूटिंग रेंज में प्रवेश तक एनआरएआई की जिम्मेदारी होगी कि वह सुरक्षा की दृष्टि से मानक संचालन प्रक्रिया कायम रखे। एनआरएआई ने क?वारंटीन प्रक्रिया तैयार की है, जिसके तहत दिल्ली-एनसीआर के बाहर से आने वाले निशानेबाजों/कोचों को सात दिनों की अवधि के लिए होटल में ठहराया जाएगा। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले निशानेबाजों/कोचों को सात दिनों की अवधि के लिए अपने ठहरने के स्थान पर क्वारंटीन/आत्मपृथक करने की आवश्यकता होगी, जिसके बाद वे शिविर की पूरी अवधि के लिए होटल में अन्य लोगों से मिलेंगे। एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया ने कहा कि एसएआई द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं के माध्यम से स्थापित सुरक्षा मानदंड पूरी तरह से लागू हैं और यह पहला राष्ट्रीय शिविर होगा जो मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद आयोजित किया जाएगा तथा एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में निशानेबाजी के प्रदर्शन के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।

अपोलो समूह कोरोना वैक्सीन के प्रबंधन के लिए तैयार

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में केन्द्र सरकार की मदद के लिए अपोलो अस्पताल समूह ने हर दिन 10 लाख कोविड-19 वैक्सीन के प्रबंधन के लिए पूरी तरह से तैयार होने की घोषणा की है और इस कार्य में वह देश भर में फैले हुए अपने विशाल नेटवर्क का उपयोग करेगा। अपोलो अस्पताल समूह के नेटवर्क में कोल्ड चेन सुविधाओं से सज्जित 19 दवाइयां आपूर्ति केंद्र, 70 अस्पताल, 400 से ज्यादा क्लिनिक्स, 500 कॉर्पोरेट हेल्थ सेंटर्स, 4000 फार्मेसी और अपोलो 24/7 ओम्नी-चैनल डिजिटल प्लेटफार्म शामिल हैं, जिनसे कोविड-19 वैक्सीन के प्रबंधन की भारी क्षमता उपलब्ध होगी। इसके लिए 10000 से ज्यादा अपोलो कर्मचारियों को वैक्सीनेशन से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रिकवरी की योजनाओं में स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था में संतुलन की जरूरत: सीतारमण

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि कोरोना के मद्देनजर जी 20 देशों से रिकवरी की योजनाओं में स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाने की जरूरत बतायी है।

श्रीमती सीतारमण ने आज जी 20 देशों के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों की सउदी अरब की अध्यक्षता में हुयी बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि जी 20 देशों ने कोरोना से निपटने के लिए पहले बनायी कार्ययोजना पर काम कर रहा है लेकिन अब रिकवरी योजनाओं में स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर वैश्विक नियामक तंत्र में सुधार की जरूरत है क्योंकि इससे साख निर्धारण प्रभावित होने की आशंका है। श्रीमती सीतारमण ने गत 15 अगस्त की बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों पर चर्चा की और यह प्रस्ताव वर्तमान परिस्थितियों में जरूरी है।

शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार में पिछले 10 कारोबारी दिवस से जारी तेजी का सिलसिला आज थम गया। चौतरफा बिकवाली के बीच बीएसई 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,066.33 अंक यानी 2.61 प्रतिशत का गोता लगाकर 39,728.41 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 290.70 अंक यानी 2.43 प्रतिशत लुढ़ककर 11,680.35 अंक पर बंद हुआ।

यह दोनों प्रमुख सूचकांकों में 24 सितंबर के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले लगातार 10 कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 2,821.52 अंक और निफ्टी 748.65 अंक चढ़ा था।

विदेशी शेयर बाजारों में रही गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 29 कंपनियों और निफ्टी की 50 में से 47 कंपनियों के शेयर लाल निशान में रहे। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस का शेयर साढ़े चार प्रतिशत और टेक महिंद्रा का चार प्रतिशत से अधिक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर करीब चार प्रतिशत तथा भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक लुढ़क गये। भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व में भी सवा तीन से साढ़े तीन प्रतिशत तक गिरावट रही। सिर्फ एशियन पेंट्स ही हरे निशान में रही।

एयरटेल के डीटीएच प्लेटफॉर्म पर अब प्रीमियम एजुकेशन कटेंट भी

नई दिल्ली। भारती एयरटेल (एयरटेल) की डीटीएच शाखा एयरटेल डिजिटल टीवी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (आकाश) ने आज मेडिकल और इंजीनियरिंग कीप्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित भारत के पहले टीवी चैनल लॉन्च किए। एयरटेल डिजिटल टीवी पर विशेष रूप से उपलब्ध आकाश एडू टीवी पूरे भारत में उन छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाले कोचिंग सत्र प्रदान करेगा, जो जेईई / एडवांस्ड और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। आकाश की बेस्ट इन क्लास फैकल्टी छात्रों को लाइव इंटरेक्टिव कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाएगी और छात्रों को की कंसेप्ट सीखने और समस्याओं को हल करने में मदद करेगी।

रेलवे को बढ़ी माल ढुलाई के दम पर लाभ की उम्मीद

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 के कारण यात्री ट्रेनों के राजस्व में गिरावट के बीच रेलवे को बढ़ी माल ढुलाई के दम पर चालू वित्त वर्ष में मुनाफे में रहने की उम्मीद है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में कहा ÷चालू वित्त वर्ष में माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व पिछले साल की तुलना में अधिक रहने की उम्मीद है जबकि यात्री किराये से प्राप्त राजस्व में गिरावट आयेगी। ऐसे में हम ट्रेनों के रखरखाव पर लागत कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि परिचालन अनुपात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कम से कम खराब न हो। रेलवे का परिचालन अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में 98.41 प्रतिशत रहने का अनुमान है यानी रेलवे ने हर एक रुपये के राजस्व के लिए 98.41 पैसे खर्च किये। वित्त वर्ष 2018-19 में यह 97.29 प्रतिशत रहा था।

पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार तेरहवें दिन स्थिर रहे

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल और डीजल के दामों में गुरूवार को लगातार 13 वें रोज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी,जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 23 से दिन स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

आईपीएल – 2020 : मुंबई अंक तालिका में 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर

मजबूत मुंबई के खिलाफ वापसी करने उतरेगा कोलकाता

कोलकाता नाईट राइडर्स की टीम मजबूत मुंबई इंडियंस के खिलाफशुक्रवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले में वापसी करने के इरादे से उतरेगी जबकि मुंबई का लक्ष्य प्लेऑफके लिए अपनी स्थिति मजबूत करना होगा।

अबु धाबी (वार्ता)। मुंबई अंक तालिका में सात मैचों में पांच जीत और 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता सात मैचों में चार जीत और आठ अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन लगातार शानदार चल रहा है और उसने अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को अबु धाबी में ही पांच विकेट से हराया था। दूसरी तरफ कोलकाता को अपने पिछले मुकाबले में शारजाह में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 82 रन की बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा था। कोलकाता को अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में सुधार करने की जरूरत है तभी जाकर वह मुंबई जैसी मजबूत टीम के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद कर पाएगी। दोनों का इस आईपीएल में गत 23 सितम्बर को अबु धाबी में ही मुकाबला हुआ था जहां मुंबई ने 49 रन से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में मुंबई ने अपने कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की 80 रन की शानदार पारी से जीत हासिल की थी। मुंबई ने पांच विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद कोलकाता को नौ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया था।

राजस्थान को शिकस्त देकर दिल्ली टॉप पर

दुबई (वार्ता)। ओपनर शिखर धवन (57) और कप्तान श्रेयस अय्यर (53) के शानदार अर्धशतकों तथा गेंदबाजों के लाजवाब प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल मुकाबले में बुधवार को 13 रन से शिकस्त देकर अंक तालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दिल्ली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 161 रन बनाने के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से राजस्थान को आठ विकेट पर 148 रन पर रोक लिया। दिल्ली की आठ मैचों में यह छठी जीत है और वह 12 अंकों के साथ तालिका में टॉप पर पहुंच गया है। दूसरी तरफराजस्थान को आठ मैचों में पांचवीं बार हार का सामना करना पड़ा और उसकी स्थिति काफी बिगड़ गयी है। राजस्थान सातवें स्थान पर है। दिल्ली ने इस आईपीएल में राजस्थान को दूसरी बार हराया। राजस्थान की पारी में कप्तान अय्यर के चोटिल होकर मैदान से बाहर जाने के बाद शिखर ने कप्तानी संभाली और अपनी टीम को जीत दिलाकर दम लिया। अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। ओपनर शिखर धवन और कप्तान अय्यर ने शानदार अर्धशतक जड़े। शिखर ने 33 गेंदों पर 57 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए जबकि अय्यर ने 43 गेंदों पर 53 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए। दिल्ली ने खराब शुरुआत की और युवा ओपनर पृथ्वी शॉ को पहली ही गेंद पर गंवा दिया। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने पृथ्वी को बोल्ड किया।

कोरोना से उबरकर लय वापस हासिल कर रहा हूं: वरुण कुमार

बेंगलुरु (वार्ता)। कोरोना वायरस को मात देने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर वरुण कुमार का कहना है कि वह अपनी पुरानी लय वापस हासिल कर रहे हैं।

2016 एफआईएच जूनियर विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे ड्रैग फ्लिकर ने कहा कि राष्ट्रीय शिविर के लिए प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों के कारण वायरस फैलने से रोकने में मददगार साबित हुआ।

पंजाब के मीठापुर के वरुण ने कहा, ÷एक खिलाड़ी होने के नाते आपको अपने करियर में विभिन्न चुनौतियों से सामना करना पड़ता है और कई उतार-चढ़ाव आते हैं। जब आप स्कोर नहीं करते तो निराश होते हैं, हारने पर मन खराब होता है और जीतने पर खुशी होती है लेकिन कोरोना पॉजिटिव होना भयावह था। मुझे लगा कि मेरे आसपास के लोगों की जिम्मेदारी मेरी है और मेरी वजह से किसी में यह वायरस नहीं आना चाहिए।÷

उन्होंने कहा, ÷हम सभी मुख्य कोच और साइंटिफिक सलाहकार जैसा कह रहे हैं वैसा ही कर रहे हैं। हम सही रास्ते में है और हमने खेल गतिविधियां भी शुरु कर दी है। मुझे लगा रहा है कि मैं अपनी पुरानी लय हासिल कर रहा हूं। हॉकी खेलने से बेहतर अनुभूति कोई नहीं है और इससे दूर रहकर ऐसा लगा जैसे मैंने कुछ मिस कर दिया है।÷

फुटबॉल लीजेंड क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रशंसक होने के नाते उन्होंने रोनाल्डो के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वरुण ने कहा, ÷शीर्ष स्तर के एथलीट सहित दुनियाभर में कई लोग इस वायरस से संक्रमित हुए हैं और एक दिन पहले ही हमें पता चला कि दुनिया में सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक रोनाल्डो भी इस वायरस की चपेट में आ गए हैं। मैं उम्मीद करता हूं वह जल्द स्वस्थ होकर मैदान पर वापसी करेंगे।

लॉकडाउन अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वालों से 6 लाख 64 हजार 250 रूपये वसूला गया जुर्माना

- **नगरीय क्षेत्र सूरजपुर में सर्वाधिक 3 लाख 4 हजार 350 रूपये जुर्माने की कार्रवाई**
- **कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आमजनों से मास्क लगाने व शारीरिक दूरी का पालन करने की अपील**

सूरजपुर। कोरोना महामारी के संकटकाल में शासन व प्रषासन लगातार आमजनों को सुरक्षित रहने के लिए दिषा निर्देष जारी करती रही है, लेकिन लोगों के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर स्वयं के साथ ही साथ अन्य लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करता देख जिला प्रषासन सूरजपुर के द्वारा कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देष पर सख्त रवैया अपनाते हुए जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में प्रषासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर की स्थिति में नियमों के अवहेलना करने वाले कुल 4760 लोगों से 6 लाख 64 हजार 250 रूपयें जुर्माना वसूला गया है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देषन में वैष्विक महामारी कोविड 19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए जिले के नगरीय क्षेत्र नगरपालिका परिषद सूरजपुर, नगर पंचायत प्रेमनगर, नगर पंचायत विश्रामपुर, नगर पंचायत प्रतापपुर, नगर पंचायत जरही, नगर पंचायत भटगांव में कोरोना से बचने के लिए लॉकडाउन अवधि में नियम विरूद्ध सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर जुर्माने की वसूली की गई है। जिसमें सर्वाधिक नगर पालिका परिषद सूरजपुर द्वारा 3 लाख 4 हजार 350 रूपये जुर्माने की वसूली की गई है।

जिला प्रषासन सूरजपुर की जारी रिपोर्ट के अनुसार नगरपालिका सूरजपुर में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 2123 लोगों पर 2 लाख 25 हजार 950 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 119 संचालकों से 78 हजार 400 रूपये जुर्माना, नगर पंचायत प्रेमनगर में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 702 लोगों पर 48 हजार 730 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 13 संचालकों से 19 हजार 450 रूपये जुर्माना, नगर पंचायत बिश्रामपुर में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 346 लोगों पर 49 हजार 750 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 3 संचालकों से 600 रूपये जुर्माना, नगर पंचायत प्रतापपुर में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 630 लोगों पर 62 हजार 550 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 22 संचालकों से 17 हजार 100 रूपये जुर्माना, नगर पंचायत जरही में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 560 लोगों पर 94 हजार 640 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 28 संचालकों से 32 हजार रूपये जुर्माना, नगर पंचायत भटगांव में सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाये पाये जाने पर 178 लोगों पर 18 हजार 980 रूपये जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 36 संचालकों से 16 हजार 100 रूपये जुर्माना वसूला गया है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अपील

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिले में बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए समस्त जिलेवासियों को सुरक्षा निर्देषों का अनिवार्य पालन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर मुंह में मास्क लगाने और अन्य व्यक्तियों से कम से कम 03 मीटर की दूरी बनाकर रखने के साथ ही हाथों को समय-समय पर सेनिटाईज अथवा साबुन से धोते रहने कहा है। कलेक्टर ने अपील की है कि इसके साथ ही यदि किसी भी प्रकार के सर्दी, खांसी, बुखार अथवा खाने में स्वाद न आने जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो तत्काल स्वास्थ्य अमले को सूचना कर उपचार व कोरोना की जांच करवायें जिससे सही समय पर उपचार प्राप्त हो सके। सही समय पर उपचार होना अति आवष्यक है जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकता है।

स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव, स्मृति श्रम यषस्वी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर। स्व0 रामानुज प्रताप सिंहदेव, स्मृति श्रम यषस्वी पुरस्कार के लिए 18 अक्टूबर तक ऑनलाईन माध्यम से श्रम विभाग की वेबसाईट www.chlabour.nic.in/alankran.asp& के माध्यम से प्रविष्टियां आमंत्रित किया गया है। जिला सूरजपुर स्थित संस्थानों व कारखानों व इंडस्ट्रीज एसोसिएसन्स एवं ट्रेड यूनियन उक्त वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय में निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 22 अक्टूबर को

सूरजपुर। जिला सेनानी नगर सेना सूरजपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सेना कार्यालय में कण्डम सामग्रियों की नीलामी 22 अक्टूबर 2020 दिन गुरूवार को 12 बजे किया जाना है। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे बुट एकल जोड़ , हंटर शू जोड़ , डर्बी शू जोड़ काला , शर्ट खाखी कॉटन , शर्ट टेरीकॉट , पेंट टेरीकॉट , कैप बैरट , जुराब जोड़ , कंबल , दरी , मच्छरदानी , पीटी शू , कैप बैच , कंधा बैच , जुराब नायलोन , ग्राउण्डशीट , लेनयार्ड , बेल्ट लेदर काला , कुर्सी (गद्दा) , कुर्सी केनवाला , कुलर , प्यूरिट वॉटर फिल्टर , घमेला (तगाड़ी) सैमसंग लेजर प्रिंटर विथ फोटोकॉपी , इंकलेट जोड़ , फाइवर कुर्सी , फुटबाल , बॉलीबाल इत्यादि संपुर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जावेगी इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगे । इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सूरजपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ 1 को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। जिले की पुलिस के द्वारा नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही जारी है। नशे के विरूद्ध एक और कार्यवाही में एक व्यक्ति से 1 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। गत् दिवस चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम श्यामपुर का शिवप्रसाद यादव गांजा बिक्री करने के लिए अपने घर में रखा है। जिसकी सूचना से *पुलिस अधीक्षक सूरजपुर* को अवगत कराए जाने पर उन्होंने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी महेश्वर सिंह पुलिस टीम के साथ मुखबीर से प्राप्त सूचना की तस्दीकी व कार्यवाही हेतु श्यामपुर निवासी शिवप्रसाद यादव के घर पहुंचे और गवाहों के समक्ष विधिवत तलाशी पंचनामा तैयार करते हुए घर की तलाशी ली इस दौरान घर से *मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 3 सौ ग्राम कीमत 6 हजार रूपये* का मिला जिसे जप्त कर धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर शिवप्रसाद यादव पिता देवगुन यादव उम्र 35 वर्ष को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उड़ीसा से गांजा जाकर क्षेत्र में चोरी-छिपे पुड़िया बनाकर नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों को बेचता था।

सिपाही ने दिया धोखा, युवती की मौत, दर-दर भटक रही बच्ची

कोंडागाँव । एक पुलिस वाले के चलते मां को बेसहारा व पागल होकर अंततः मर जाना पडा और उसके कोख से जन्म ली नन्ही बच्ची को भी अनाथ हो जाना पड़ा हो तो भी शासन प्रशासन पुलिस एवं हमारा सजग संवेदनशील समाज मूक - मौन और किंकर्तव्यविमूढ़ हो बस देखता रहे इससे ज्यादा विडंबना और दुखद स्थिति और क्या हो सकता है।

मामला केशकाल पुलिस थाना के ठिक पीछे बसा बडपारा का है,जंहा एक गरीब आदिवासी परिवार है।मिली जानकारी अनुसार पुलिस थाना - केशकाल में ओमेश्वर पोया नाम का सिपाही पदस्थ था जो विवाहित था। वहीं अपने घर झाड़ू पोंछा जैसे घरेलू काम के लिए बडपारा निवासी प्रतिभा ध्रुव को अपने घर नौकरानी के काम मे लगाया था।

गरीबी के चलते मजदूरी की लालच में जाने वाली प्रतिभा को वह नाना प्रकार का सब्ज बाग दिखाते प्रेमजाल में फांस लिया, और धीरे धीरे पति- पत्नी सा संबंध बना लिया था। जिसके चलते मासूम को गर्भ ठहर गया और उससे एक बच्ची ने भी जन्म ले लिया।

बताया जाता है कि इसी दरम्यान सिपाही की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को कोई लिखीत शिकायत कर दिया था जिस पर लड़की को परिवार सहित आफिस बुलवाया गया था ज़हां सिपाही को समझाइश देकर मामला निपटा लिया गया था।वहीं कुछ दिनों तक सिपाही ने लड़की को सुरडोंगर में एक किराये के मकान में दिलवा दिया था। परन्तु अचानक लड़की का मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा। मानसिक संतुलन बिगड़ने पर आवश्यक उपचार नहीं कराया गया फ्लस्वरूप वह अपने बच्चे को लेकर इधर उधर भटकने लगी थी। धीरे धीरे उसकी हालत बिगड़ती चली गयी और आखिरकार वह अपनी नन्ही बच्ची को रोते बिलखते असहाय छोड़कर इस दुनिया से चल बसी। आज लगभग 4 वर्ष की नन्ही बच्ची माता पिता के लाड़ प्यार दूलार से मरहूम होकर अंधकारमय भविष्य के बीच जीवन जी रही है।

विभाग ने पति पत्नी के मामले को सुलझा दिया, किन्तु मासूम पर नही किया कोई विचार

अब यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि आखिर उस बच्ची का भविष्य क्या होगा, उसके नैसर्गिक एवं सवैधानिक बाल अधिकार का क्या होगा क्या बच्चो के अधिकारों के लिए कार्य कर रही सरकारी एजेंसियों व शासकीय दफ़्तर सिर्फ खाना पूर्ति के लिए संचालित हैं।क्या इनके मैदानी अमले में तैनात कर्मचारियों के संज्ञान में ऐसे संवेदनशील मामले नजर नही आते।

ठेलकाबोड में ठोस एवं तरल अपशिष्ट केंद्र का जिपं उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

- **गॉव से निकलने वाले कचरों को अलग अलग कूड़ेदान में रख स्वच्छता का दे संदेश :- गजबल्ला**
- **गॉव को स्वच्छ रख बीमारियों को पनपने ना दे :- कन्नौजे**

काँकेर। सोमवार को ग्राम पंचायत ठेलकाबोड में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला जिला पंचायत सभापति नरोत्तम पडोटी रोमनाथ जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तारिणी ठाकुर जनपद सदस्य ठेलकाबोड सरपँच नन्दलाल कुंजाम डोलेश जैन उपसरपंच वसीम खान मनीष साहू साधना मटियारा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ डॉ सजंय कन्नौजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उमेश कुमार पामभोई उपस्थित रहे।इस दौरान जिपंच उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने कहा की गॉव से निकलने वाले कचरो को ठोस एवं तरल केंद्र में एकत्र कर अपशिष्ट किया जाएगा ।इस केंद्र के खुलने से गाँव में सूखे व गीले कचरो से मुक्ति मिलेगी।सरपँच के अथक प्रयास से गॉव की प्रगति को गति मिलेगी ।गॉव के लोगो से स्वच्छता को लेकर कहा गया कि घरों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरो को अलग अलग कूड़ेदान में रखे ।और ठोस एवं तरल अपशिष्ट केंद्र भेजकर कचरो से मुक्त ग्राम पंचायत बनाए।जिला पंचायत सीईओ डॉ सजंय कन्नौजे ने कहा की गॉव में समय समय पर स्वच्छता अभियान सरपँच के द्वारा चलाया जाता है।जो सरहनीय पहल है।सरपँच के साथ आप सभी की सहभागिता भी बेहद ज़रूरी है।मिल जुलकर गॉव को स्वच्छ व सुंदर बनाए और बीमारियों को पनपने ना दिया जावे । ग्रामीणों ने ठेलकाबोड सरपँच नन्दलाल कुंजाम ने कहा की ज़मकर तारीफ करते कहा की सरपँच ने कोरोना काल मे भी गॉव में बाहरी व्यक्तियो के प्रवेश में पूर्णता प्रतिबंध लगाकर गाँव को कोरोना मुक्त कराने में अहम ज़िम्मेदारी निभाई है।इसके अलावा गॉव में स्वच्छता अभियान से लेकर सरकार की प्रत्येक योजनाओ का लाभ गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने में बेहद सफल सरपंच साबित हो चुके है।गांव की किसी भी समस्या को लेकर जिला अधिकारी से मिलकर पूरे करने में भी कोई कसर नही छोड़ी जाती है।शिक्षा हो या स्वस्थ के मामले में गम्भीर होकर गॉव की सेवा करने वाले सरपँच को बधाई दिया गया ।इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा मुख्य अतिथि व जिला सीईओ ने महिला स्वयं सहायता समूहों के बहनो के द्वारा रिक्सा,साड़ी,हेड कवर सीटी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गोकुल नाग दुर्गा प्रसाद यादव महेन्द्र पटेल सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिला स्व सहायता समूह उपस्थित रही।

राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था की चिंता करे राज्य सरकार- सतीश लाटिया

कांकेर। कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी के हाथरस दुष्कर्म कांड पर दिये बयान को गलत अर्थों में लेते हुए कल एनएसयूआई द्वारा सांसद निवास के बाहर किये गए प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि एनएसयूआई का ये प्रदर्शन प्रदेश के बदहाल कानून व्यवस्था व दुष्कर्म की हो रही घटनाओं से ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है । कांग्रेस के लोग राज्य सरकार के मंत्री शिव डहरिया द्वारा प्रदेश में हो रहे दुष्कर्म की घटना को छोटी मोटी घटना बताने पर भी चुप रहते है और कांग्रेस के खिलाफ बयान देने पर भाजपा नेताओं के खिलाफ दिखावे का प्रदर्शन करते है । श्री लाटिया ने कहा कि सांसद मोहन मण्डावी जी ने हाथरस कांड पर कांग्रेसियों द्वारा अपने आकाओं की राजनीति चमकाने और उत्तरप्रदेश में प्रियंका गांधी को स्थापित करने के लिये किये जा रहे प्रदर्शन को बनावटी कहा न कि घटना को परन्तु

कांग्रेसियों द्वारा सांसद जी के बयान को गलत ढंग से लेते हुए यहां भी बनावटी प्रदर्शन कर रहे है । हाथरस में कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष राजनीति करने पहुंच गया परन्तु राजस्थान में हो रहे सामूहिक दुष्कर्म तथा प्रदेश के वाड्रफ्नगर, कोंडागांव और केशकाल में आदिवासी युवतियों के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और राजधानी में दिन दहाड़े कोंडागांव के एक व्यापारी की चाकू मारकर हत्या करने पर न तो राहुल-प्रियंका और राज्य के कांग्रेस नेताओं ने कुछ कहा और न ही प्रदर्शन किया क्योकि कांग्रेसी राज्यो की घटनाएं छोटी मोटी होती है और यहां उनकी खुद की सरकार है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मरवाही विस में...

मरवाही के विकास को देखकर इन नेताओं का भारतीय जनता पार्टी के मोहभंग हुआ और अर्चना पोर्ते पुराने कांग्रेसी परिवार की हैं पुनः कांग्रेस में वापस आ गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में इन्होंने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। अर्चना पोते ने अपने घर वापसी करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पंकज तिवारी आंसर जुंजाणी प्रवक्ता अभय नारायण राय प्रदेश सचिव महेश दुबे तैयब हुसैन आदि उपस्थित थे जिला कांग्रेस कमेटी जी पीएम ने इन सभी का स्वागत किया है।

वोटर खामोश, सब देख...

लिए मरवाही और उसके मतदाता रहस्यमय खामोशी धारण कर लिए हैं। वहीं जीत के लिए जो हर संभव तैयारियां होती हैं उससे कहीं ज्यादा सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस ने मरवाही में झोंक दी है। फिर भी कांग्रेस से दावेदारी की आस में रहे मरवाही के लोकल लीडरों टिकट नहीं मिलने का दर्द गाहे-बगाहे छलक रहा है। ऐसे में पार्टी भी चिंतित है कि कहीं प्रत्याशी थोपना और दावेदारों का दर्द उन्हें नुक्सान न पहुंचाए। कुछ इसी तरह का खौफ भाजपा को भी है, क्योंकि पार्टी के पास भी कई मरवाही के लोकल व पूर्व दावेदारों के होते हुए डॉ.गंभीर को टिकट दिया गया है। पद, पॉवर, पैसा और सेंटिमेंट्स के अलावा प्रेशर को मरवाही महसूस कर बड़ी खामोशी से सब कुछ देख, सुन और समझ रहा है। लेकिन मजाल है कि भाजपा, कांग्रेस और छजकां के सियासतदां दावे के साथ कह दें कि मरवाही की जनता और मतदाता ने उन्हें जीत का जरा सा भी कोई संकेत अब तक दिए हैं क्या..?

मरवाही एक नजर

0 अब तक 14 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है, 0 इंडियन नेशनल कांग्रेस, गोंडवाना गंडतंत्र भी लड़ रही 0 मरवाही में कुल 1 लाख 90 हजार 907 मतदाता हैं 0 महिला मतदाता संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा है 0 महिला मतदाताओं की कुल संख्या 97,209 है 0 पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 93,694 है 0 वर्ष 2018 की तुलना में इस बार 6886 वोटरों की वृद्धि

प्रचार, संख्या, बल बहुत पर...

बौखलाए नेता प्रचार के दौरान अपना दर्द पहले बयां कर रहे हैं फिर बाद में प्रत्याशी नहीं पर पार्टी के लिए जरुर वोट मांग रहे हैं। महिला वोटर ज्यादा हैं और शराबबंदी का वादा पूरा नहीं कर पाना भी नुक्सान पहुंचा सकता है।

भाजपा 30 स्टार...

गोमती साय, विधायक ननकीराम कंवर, पुन्नूलाल मोहले, बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, नारायण चंदेल, शिवरतन शर्मा, केदार कश्यप, रामसेवक पैकरा, सुश्री लता उसेंडी, गणेश राम भगत, भूपेन्द्र सवन्नी, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, सौरभ सिंह, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एवं विकास मरकाम को स्टार प्रचारक नियुक्त किया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी-121/2019-20
ग्राम पौनी प.ह.नं. 18

ग्राम पौनी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीखूराम आ. गोवर्धन जाति साहू निवासी डोड़ा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम पापतरा हल्का नं. 18 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 9/2, 18/2 कुल रकबा 1.6060 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की किसान किताब गुम जाने से डुप्लीकेट किसान किताब हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 23/10/2020 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्र. 01 हेतु दिनांक 22.10.2020 एवं सरल क्र. 02 से 04 हेतु दिनांक 02.11.2020 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	219	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र.-2 कटघोरा के अंतर्गत पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। चतुर्थ आमंत्रण।**	30.00
2	202	चांपा में न्यायिक कर्मचारियों हेतु 01 नग ''जी'' टाईप, 03 नग ''एच'' टाईप एवं 03 नग ''आई'' टाईप आवासगृहों का निर्माण कार्य (शेष कार्य)। **चांपा संभाग चांपा। प्रथम आमंत्रण**	49.57
3	221	लो.नि.वि. उपसंभाग पामगढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। **चांपा संभाग चांपा। प्रथम आमंत्रण**	34.96
4	222	हरदीबाजार-भिलाईबाजार मार्ग स्थित सरईसिंगार चौक कि.मी. 2/4 में नवीनीकरण का कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। प्रथम आमंत्रण**	164.17

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-84292/5

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी-121/2019-20
ग्राम सिपाही प.ह.नं. 62

ग्राम सिपाही के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लिलक राम साहू आ. रामानुज जाति तेली निवासी सिपाही तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम सिपाही हल्का नं. 62 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 102/1, 174/1 कुल रकबा 0.1940 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की किसान किताब फट जाने से डुप्लीकेट किसान किताब हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 16/10/2020 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/8/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी-121/2019-20
ग्राम पौनी प.ह.नं. 17

ग्राम पौनी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीराराम साहू आ. गोवर्धन साहू जाति साहू निवासी डोड़ा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम पौनी हल्का नं. 17 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 20/3 शामिल 21/1 कुल रकबा 0.9920 हे. एकड़/ हेक्टे. भूमि की किसान किताब फट जाने से डुप्लीकेट किसान किताब हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14/10/2020 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. बी-121/2020-21
ग्राम पौनी प.ह.नं. 17

ग्राम पौनी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार आ. गोवर्धन जाति साहू निवासी डोड़ा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम पौनी हल्का नं. 17 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 270/25, 270/26, 277 शामिल 278/7 कुल रकबा 1.8740 एकड़/हेक्टे. भूमि की किसान किताब गुम जाने से डुप्लीकेट किसान किताब हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 23/10/2020 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CIN No. U40108CT2003SGC015820, GST NO. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय मुख्य अभियंता (उप-केन्द्र : संचा./संधा.) छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लि. तिफरा, बिलासपुर पिन-495001
Website: - www.cseb.gov.in , E-Mail-cessombsp@gmail.com Phone/Fax-07752-493537

क्रमांकः 02-17/क्रय/टी-92/919 बिलासपुर, दिनांक 09/10/20

वाहन किराये पर लेने बाबत्।

कार्यपालन अभियंता (मी.रि.परी.) संभाग छ.ग.स्टे.पा.ट्रां.कं.लि. कोरबा के लिए जीप श्रेणी का वाहन 02 वर्ष के लिए किराये पर अनुबंधित करने बाबत्, वाहन मालिक/ट्रेव्हल एजेंसी से सीलबंद निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

S. No	Item	Particulars
01	Name of Issuing Office	CE(S/s-O&M),CSPTCL,BILASPUR
02	Tender Specification No.	CE/S/s-O&M/PUR/T-92/919,Bilaspur Dt. 09/10/2020
03	Scope of Work	Hiring of Vehicle Jeep for EE (MRT) Dn., CSPTCL, Bilaspur for 02 years.
04	Estimated Cost Rs.	13,30,425.00 (including GST 5%)
05	Earnest Money Rs.	13,400.00
06	Last Date and Time for Sale of Tender Document	Date: 03/11/20 Time: 17:30 hrs.
07	Due Date and Time for Submission of Tender Document	Date: 04/11/20 Time: 15:00 hrs.
08	Due Date and Time for Opening of Tender Document	Date: 04/11/20 Time: 15:30 hrs.

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यालयीन दिवस में रु. 560.00 (जीएसटी 12 प्रतिशत सम्मिलित कर) जमा कर दिनांक 23/09/2020 को अपरान्ह 05:30 बजे तक खरीदा जा सकता है। अमानत राशि डीडी/बैंकर्स चेक के रूप में जो कि क्षेत्रीय लेखाधिकारी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के नाम से देय हो स्वीकार किया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण/आंशिक निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(जान मोहम्मद)
अति. मुख्य अभियंता
(कार्या.) मुख्य अभियंता (उप-केन्द्रः संचा/संधा)
छ.ग.स्टेट.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., बिलासपुर

स्वहित में बिजली की बचत करें।
सं.-26700/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal :http://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 68345/निविदा सूचना क्रमांक 08/समूह क्र. 03/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/20.21 दिनांक 12.10.2020 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02.11.2020** को **17:30** बजे तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना के अंतर्गत ग्राम भैंसाझार में मिनी स्टेडियम, खेल परिसर, गार्डन, बाजार एवं वृक्षारोपण क्षेत्रों में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत :- रु. 138.99 लाख।

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.10.2020** को समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

जी-84297/7

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

न्यूज गैलरी

महिला से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

पखांजूर। थाना पखांजूर क्षेत्र की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी रवि मण्डल निवासी पिव्ही 04 पीड़िता का कुछ दिनों से पीछा कर रहा है पीड़िता के घर आकर ताक झांक करता है एवं बेज्जती करने की नीयत पीड़िता के घर मे घुस गया था पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 354(घ),457 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री एम आर आहिरे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी एन बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना पखांजूर पुलिस द्वारा आरोपी रवि मण्डल पिता सुजन मण्डल उम्र 25 निवासी पिव्ही 04 थाना पखांजूर को आज दिनांक 14/10/20 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड जेल भेजा गया।थाना पखांजूर की कार्यवाही।

कोविड केयर सेंटर के मरीजों से मिले फिडबैक में बस्तर जिला को मिला द्वितीय स्थान

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिलेवार कोविड मरीजों से कोविड केयर सेंटर की सुविधाओं के संबंध में लिए गए फिडबैक में बस्तर जिले को दूसरा स्थान मिला है। कोविड मरीजों से कोविड केयर सेंटर में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं और दवाईयों की उपलब्धता, खाद्य एवं पेयजल की सुविधा, मास्क व सोशल डिस्टेसिंग तथा सेनेटाईजेशन को मुख्य आधार मानकर 4 से 9 अक्टूबर 2020 के मध्य फिडबैक लिया गया था। इस फिडबैक में बस्तर जिले के कोविड केयर सेंटर को 88 प्रतिशत पॉजिटिव फिडबैक मिला है। बस्तर जिले में कोविड आईसोलेशन सेंटर के रूप में 250 बिस्तर वाला आईसोलेशन सेंटर धरमपुरा, 450 बिस्तर वाला बकावंड आईसोलेशन सेंटर और 200 बिस्तर वाला कोविड अस्पताल मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी सूची में बस्तर के मेडिकल कॉलेज के कोविड अस्पताल का 78 प्रतिशत पॉजिटिव फिडबैक है।

स्वास्थ्य विभाग से जारी एएनएम के पदों पर दावा आपत्ति आज

सूरजपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर डॉ आर.एस.सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार ए0एन0एम0, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) की सीधी भर्ती हेतु कुल 15 पदों की पूर्ति हेतु विभागीय वेबसाईट पर www.cghealth.nic.in में आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें रायपुर के पत्र के तहत् प्राप्त आनलाईन पूर्ण आवेदन-पत्रों की मेरिट सूची जारी किया गया है। सूची में किसी भी अभ्यर्थी को उनके मूल प्राप्तांको एवं अनुभव के अंकों में अन्तर पर आपत्ति होने की स्थिति में निर्धारित प्रारूप में समयावधि के भीतर ईमेल आई डी anmsurajpur@gmail.com में 16 अक्टूबर 2020 को सायंकाल 5:30 बजे तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

कलेक्टर के निर्देश के बाद रामानुजनगर सेंट्रल बैंक शाखा में हुई गडबडियों की जांच शुरू

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा रामानुजनगर की सेन्ट्रल बैंक शाखा में हितग्राहियों की राषि में हुई हेराफरी का संज्ञान लेते हुए सख्त लहजे में सेन्ट्रल बैंक के महाप्रबंधक को इसका निराकरण करने के निर्देष दिये थे। जिसपर सेन्ट्रल बैंक के महाप्रबंधक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक सूरजपुर के द्वारा इसपर जांच कर निराकरण हेतु अपनी कटिबद्धता प्रकट की थी। इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक सूरजपुर श्री षिबु इपेन से जानकारी प्राप्त हुई है, कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय मुंबई के आदेष पर श्री सुनील कुमार नाइक सहायक महाप्रबंधक द्वारा 12 एवं 13 अक्टूबर 2020 को रामानुजनगर की शाखा में हुई वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में रामानुजनगर एवं क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर का निरीक्षण किया गया है। उन्होनें यह भी बताया की बैंक प्रबंधन इस ओर प्रमुखतः से जांच कर रहा है, पूर्व में रामानुजनगर में हुए लॉकडाउन के कारण इस निरीक्षण में लगभग 25 दिनों का विलंब हुआ। जिसके बाद अब जांच तीव्र गति से शुरू कर दी गई है। बैंक प्रबंधन वित्तीय अनियिमितताओं को जल्द से जल्द निराकृत करने के प्रयास में है, जिसके संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक ने यह संकेत भी किया है कि सेंट्रल बैंक पूरे प्रकरण को सीबीआई को देने के लिए अपना पक्ष तैयार कर चुका है।

सामग्रियों की नीलामी 22 अक्टूबर को

सूरजपुर। जिला सेनानी नगर सेना सूरजपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर सेना कार्यालय में कण्डम सामग्रियों की नीलामी 22 अक्टूबर 2020 दिन गुरूवार को 12 बजे किया जाना है। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे बुट एकल जोड़ , हंटर शू जोड़ , डर्बी शू जोड़ काला , शर्ट खाखी कॉटन , शर्ट टेरीकॉट , पेंट टेरीकॉट , कैप बैरट , जुराब जोड़ , कंबल , दरी , मच्छरदानी , पीटी शू , कैप बैच , कंधा बैच , जुराब नायलोन , ग्राउण्डशीट , लेनयार्ड , बेल्ट लेदर काला , कुर्सी (गद्दा) , कुर्सी केनवाला , कुलर , प्यूरिट वॉटर फिल्टर , घमेला (तगाड़ी) सैमसंग लेजर प्रिंटर विथ फोटोकॉपी , इंकलेट जोड़ , फाइवर कुर्सी , फुटबाल , बॉलीबाल इत्यादि संपुर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जावेगी इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगे । इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

निधन

कृष्णावती शर्मा

रायगढ़। नगर के वार्ड क्रमांक एक कोतरारोड राजीव नगर निवासी स्व.कमल नारायण शर्मा की धर्मपत्नी धर्मपरायण विदुषी महिला श्रीमती

कृष्णावती शर्मा का 76 वर्ष की आयु मे गत 10अक्टूबर शनिवार को दुखद निधन हो गया।श्रीमती शर्मा कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं।विदित हो कि दिवंगत श्रीमती कृष्णावती शर्मा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग मे पदस्थ राजेश शर्मा डीएसपी पीएचक्यू, राकेश शर्मा कोतवाली,रमेश शर्मा छाल और दिनेश शर्मा चांपा जांजगीर,की माताश्री थीं।श्रीमती शर्मा के निधन पर विप्र समाज के सभी संगठन ने गहन दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत को शोकश्रद्धांजली अर्पित की है।विप्रजनों ने इस असीम दुख की घड़ी में शोकसंतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है।

अंततः नगरनार डी-मर्जर प्रस्ताव मंजूर, स्टील प्लांट की आधार शिला रखने के पूर्व सैकड़ों को हुई थी जेल

- मजदूर, किसान व जनप्रतिनिधियों के आंदोलन की निकली हवा

जगदलपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर नगरनार क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रम की कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम स्टील प्लांट का निर्माण कर रही है किंतु उससे पूर्व ही इस्पात मंत्रालय की अनुशंसा पर इसे डी- मर्जर करने का निर्णय लिया गया है और प्रधानमंत्री की सर्वोच्च समीति केंद्रीय केबिनेट ने अब इस पर मोहर भी लगा दी है जिसके कारण बस्तरवासियों का एक महत्त्वपूर्ण सपना पूरा होने से पहले ही टूट गया है। कई दिनों से चल रहे मजदूर, किसान व जनप्रतिनिधियों के आंदोलन की हवा निकल गई है।

तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेई सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की सरकार की पहल पर मेगा स्टील प्लांट की आधारशिला रखी गई थी। जिसके लिए बकायदा उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी बस्तर दौरे पर आए थे। नगरनार स्टील प्लांट क्षेत्र के लोगों ने जमीन नहीं देने का निर्णय लिया तो डंडे की ताकत पर किसानों का दमन कर जेलों में ठूंस दिया गया, किसानों ने सरकार के समक्ष घुटने टेक दिए और जमीन भी दे दी।

वर्ष 2003 में राज्य और 2004 में देश की सरकार बदलने के बाद प्लांट का स्वरूप बदला और वह अपने अंतिम चरण के कार्य की ओर अग्रसर हुआ। किंतु भारी बहुमत वाली नरेंद्र मोदी सरकार नगरनार स्टील प्लांट को कथित तौर पर बेचने वाली है। इस हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट कमेटी ने अपनी मोहर लगा दी। कुल मिलाकर पिछले दरवाजे से बड़े व्यापारियों को इसे सौंपने की तैयारी है। विनिवेशीकरण रोकने के लिए विगत तीन वर्षो से किसान, मजदूर व जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

सबसे बड़ा आंदोलन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हुआ किन्तु क्षणिक रुप से डी-मर्जर रुका था। अब जब केंद्र की मोदी सरकार की कैबिनेट ने नगरनार की हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है तो राज्य की भूपेश बघेल सरकार और कांग्रेस से उम्मीद की जा सकती है कि इस मामले में छत्तीसगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर उचित स्तर पर प्रतिकार किया जाय।

पूर्वजों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे पूरा करना है मेरा कर्तव्य : टीएस सिंहदेव

- मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने किया विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण
- क्षेत्र विकास हेतु 8 करोड़ 75 लाख के लोकार्पण एवं 14 करोड़ 48 लाख के कार्यो का किया गया शिलान्यास

सूरजपुर। प्रतापपुर विकासखंड के क्षेत्रिय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव ने प्रतापपुर क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ0 प्रेमसाय सिंह टेकाम की उपस्थिति में विभिन्न पूर्ण हुए 8 करोड़ 75 लाख के कार्यो का लोकार्पण एवं 14 करोड़ 48 लाख की राषि से बन रहे विभिन्न स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास कर सौगात दी। आज से क्षेत्रवासियों को दो उप तहसील डांडकरवा, जरही एवं तीन धान खरीदी केंद्र रेवटी , चंदौरा व टुकूडांड में शुभारंभ करने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए आमजनों को अपने स्वागत उद्बोधन में विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में उप तहसील एवं धान खरीदी केंद्र खुलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ेगा जोकि क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि यह समय वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण हमारे लिए कठिन समय है हम सभी को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए महामारी से विजय पाना है अतः हमें प्रत्येक जन को फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क एवं सैनिटाइजर का प्रयोग करना हैं। जिसे सुनिश्चित कर हम इस महामारी से विजयी होंगे।

मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की प्रतापपुर सहित पूरे सरगुजा का विकास करने की जिम्मेदारी मेरे पूर्वजों ने मुझे सौंपी है उसे पूर्ण करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने स्थानीय विधायक की मांग पर प्रतापपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल खोलने की बात कही जिससे क्षेत्र के लोगों का सही समय पर इलाज हो पाएगा। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की सभी को राशन कार्ड बनाना चाहिए जिससे प्रत्येक व्यक्ति को राशन के साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया की जिनके पास राशनकार्ड है वे प्रक्रिया के तहत् 50 हजार, 5 लाख एवं 20 लाख तक लाभ लेकर 14 प्रकार की बिमारियों का इलाज करा सकते हैं। क्षेत्र में डॉक्टरों की समस्या को देखते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती करने की भी बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की दो उप तहसील प्रारंभ होने से जमीन का खसरा, नक्शा तथा नामांतरण संबंधी समस्या दूर होगी। जाति एवं निवास प्रमाण पत्र समय पर मिलना सुनिश्चित हो पाएगा तथा क्षेत्र में तीन धान खरीदी केंद्र खुलने से क्षेत्र के लोगों को अब दूर न जा कर अपने क्षेत्र में धान विक्रय करने का लाभ प्राप्त हो सकेगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को दिक्कत नहीं होगा। धान खरीदी केंद्रों में सहकारी समिति रहेगी एवं पूर्व की तरह कार्य करेगी। मंत्री डॉ टेकाम ने कहा कि किसानों को सभी क्षेत्रों से लाभ मिले इसके लिए केरता में एथेनॉल प्लांट लगाने के लिए भी प्रयासरत हैं।

महिलाओं ने शिवलिंग को स्नान करवा कर शिवलिंग की पूजा अर्चना की

केशकाल। अदिमास के शिवरात्रि के बीच आज केशकाल नगर से 5 किमी दूर शिव का पावन धाम गोब्राहीन में आज श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना किया गया इस बीच केशकाल नगर के महिलाओं ने शिवलिंग को स्नान करवा कर शिवलिंग का पूजन अर्चना किया इसके साथ ही प्रांगण में बैठ भजन कीर्तन भी किया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बताया कि अदिमास के चलते 1 महीने तक प्रति दिन सुबह 5 बजे से तालाब में इस्नान करके वहां दीप दान कर करने के पशचात पीपल पेड़ पर पूजन सहित पुरषोतम मास का पाठ करते है भगवान विष्णु को ध्यान रख कर किसी इस्थान पर दीप जलाना ही दीप दान होता है

अपर कलेक्टर सिंह ने किया पदभार ग्रहण

बीजापुर - नवप्रदेश। जिला कार्यालय में अपर कलेक्टर ओ.पी. सिंह ने 14 अक्टूबर को अपना पदभार ग्रहण किया। सिंह इसके पूर्व जिला कबीरधाम में अपर कलेक्टर के पद पर कार्यरत् थे।

अल्पसंख्यक टर्म लोन योजनान्तर्गत 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

बीजापुर - नवप्रदेश । जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बीजापुर द्वारा अल्पसंख्यक टर्म लोन योजनान्तर्गत सम्बन्धित वर्ग के हितग्राहियों तथा स्व. सहायता समूहों से स्वरोजगार स्थापना हेतु जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के माध्यम से आवेदन पत्र आगामी 31 अक्टूबर 2020 तक आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत कुल 7 ईकाई के लिए 7 लाख रूपए लक्ष्य आबंटित किया गया है। योजना के तहत् लाभान्वित होने के लिए आवेदक को अल्पसंख्यक वर्ग का होना चाहिए, इस हेतु स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक की पारीवारिक वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से ग्रामीण क्षेत्र की दशा में 98 हजार रूपए तथा शहरी क्षेत्र की स्थिति में एक लाख 20 हजार रूपए से अधिक होना चाहिए। आवेदक शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत् नहीं होने सम्बन्धी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक आवेदन पत्र के साथ अंकसूची, राशन कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ सत्यापित करवाकर संलग्न करना होगा।

अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं से प्रीमैट्रीक एवं पोस्ट मैट्रीक छात्रवृत्ति हेतु 31 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2020-21 के तहत् अल्पसंख्यक वर्ग मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्री-मैट्रीक, पोस्ट मैट्रीक तथा मेरिट-कम-मिन्स छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 31 अक्टूबर 2020 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इस हेतु सम्बन्धित छात्र-छात्राओं के संस्थाओं द्वारा 15 नवम्बर 2020 तक सत्यापन किया जायेगा। उक्त ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया भारत सरकार के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट स्कॉलरशिप डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर पूरी की जा सकती है। उक्त छात्रवृत्ति के लिए पात्रता के तहत् आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। विगत वर्ष की परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक होना आवश्यक है। आवेदक का आधार नम्बर तथा बैंक खाता होना अनिवार्य है। छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की वार्षिक आय प्री-मैट्रीक छात्रवृत्ति हेतु एक लाख रूपए, पोस्ट मैट्रीक छात्रवृत्ति के लिए दो लाख रूपए तथा मेरिट-कम-मिन्स छात्रवृत्ति हेतु ढाई लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

बंजारी नाला से अब बंजर जमीन के बहुरेंगे दिन

- वनांचल स्थित छह ग्रामों के 100 हेक्टेयर में होगी सिंचाई की सुविधा

रायगढ़। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के तहत बंजारी नाला में भू-जल संरक्षण के हो रहे कार्यो से अब वनांचल की बंजर-ऊसर भूमि के भी दिन बहुरेंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा हाल ही में वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कैम्पा मद के तहत बंजारी नाला में एक हजार 820 जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं के निर्माण का शुभारंभ किया गया है। इससे वनांचल के छह ग्रामों के कृषकों को अब लगभग 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके निर्माण के लिए लगभग 74 लाख रूपए की राशि स्वीकृत है।

कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि रायगढ़ वन मंडल के विकासखण्ड बरमकेला स्थित इस बंजारी नाला में जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं के निर्माण से वनांचल के छह ग्राम जवाहर नगर, भालूपाली, मल्दा ब, बारादवन, कोर्रापानी तथा छिंछपाली लाभान्वित होंगे। यहां स्वीकृत सभी जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण होने पर बंजारी नाला में अब उक्त छह ग्रामों के भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी और वनांचल में नाला किनारे स्थित ग्रामों के बंजर-ऊसर जमीन में भी एक से अधिक फसल ली जा सकेगी। यह बंजारी नाला वनांचल के 16.6 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका कुल जल संग्रहण क्षेत्रफल दो हजार 877 हेक्टेयर है।

इस संबंध में वन मंडलाधिकारी रायगढ़ श्री मनोज पाण्डेय ने बताया कि कैम्पा मद के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में स्वीकृत कार्यों के तहत बंजारी नाला में कुल एक हजार 820 जल संरक्षण संबंधी विभिन्न संरचनाओं का निर्माण होगा।

छत्तीसगढ़ बन रहा अपराधों का गढ़, लगातार हो रही लूट पाट हत्या और बलात्कार में इजाफा : दीपेश अरोरा

कोंडागाँव। भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हर मोर्चे पर असफल होने का आरोप लगाया है। अरोरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लूटपाट,अपहरण,हत्याकांड, बलात्कार आदि घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है,इन घटनाओं के लिए छत्तीसगढ़ सरकार में ना तो संवेदनाएं हैं और न ही अपराधों में लगाम लगाने की गंभीरता इस सरकार में नज़र आ रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि मंगलवार को कोंडागांव के युवा व्यापारी इरशाद अहमद(चाउस) की हत्या रायपुर के जयस्तम्भ चौक जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में हुई,जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। आरोपियों में ना तो पुलिस प्रशासन को लेकर डर है ना ही सरकार ऐसे कोई सख्त कदम उठा रही जिससे ऐसे अपराध ना हों सकें, भारतीय जनता पार्टी सरकार से मांग करती हैं की इस घटना के पीछे किसकी साजिश है उसकी जाँच उच्च स्तरीय समिति के माध्यम से की जाए ताकी हत्या की वास्तविकता सामने आ सके।

सराहनीय कदम समय-समय पर काल करके ले रहे कोविड मरीजो की सुध, बढ़ा रहे मनोबल

कंट्रोल रूम व मेडिकल टीम बढ़ा रही मरीजों का हौसला

बचेली। कोविड कंट्रोल रूम एवं मेडिकल टीम लगातार होम आईसुलेशन में रह रहे मरीजो की फोन के माध्यम से उनकी हालत का जायजा ले रही है। रोजाना सुबह एवं शाम मरीजो के ऑक्सीजन लेवल,पल्स, एवं तापमान की जानकारी वाट्सअप नम्बरो पर ली जाती है इसके अलावा सबसे ज्यादा जिला कोविड कंट्रोल रूम में डॉक्टर विहान द्वारा मरीजो से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया जाता है एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते है। तीन बच्चो के पिता डीएम सोनी जो की पेशे से व्यवसायी भी है उनके यहां तीनो बच्चे बीते दिनों कोरोना पाजिटिव पाये गए। पहले 14 वर्षीय पुत्र पृथ्वी सोनी,18 वर्षीय बिटिया की एंटीजेन किट में पाजिटिव होने की पुष्टि हुई उसके बाद एंटीजेन में निगेटिव आयी 16 वर्षीय पुत्री भी 2 दिनों बाद बुखार सर्दी से पीड़ित हुई दोबारा एंटीजेन टेस्ट किया गया तो वो भी पाजिटिव आयी इसके बाद अपोलों अस्पताल के डॉक्टर ख़ाजा मोइनुद्दीन ने सभी की आरिटीपीसीआर जांच कराने की सलाह दी जिसके बाद पांच सदस्यीय परिवार में तीनों बच्चो की पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी। दवाइयां तो एंटीजेन रिपोर्ट के बाद ही शुरू की जा चुकी थी।

पिता डीएम सोनी बताते है की इस बीमारी से घबराने की जरूरत नही है हालांकि इस मुश्किल क्षणों में परिवार हीनभावना का शिकार तो होता ही है जागरूकता की कमी एवं भय की वजह से पड़ोसी भी मुँह मोड़ लेते है। परंतु ऐसे

में दोस्तो ने हिम्मत बढ़ाई रखी आवश्यक सामग्री हो या दवाइयां हो दोस्त समय समय पर पहुंचाते रहे और साथ ही हौसला भी बढ़ाते रहे। इसके अलावा जिला प्रशासन ने इतना जबरदस्त इंतजाम किया है मेडिकल टीम लगातार फोन के माध्यम से सम्पर्क में है कंट्रोल रूम में मौजुद डॉक्टर विहान रोजाना फोन पर बच्चो की हालत के बारे में जानकारी लेते है साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर फोन पर ही आवश्यक निर्देश मिल जाते है। बच्चे अभी काफी अच्छी हालत में है सभी होम आईसुलेश में रहने वाले मरीजो से कहना चाहता हु की घबराए नही। अच्छा आहार लें पानी खूब पिये,भाप ले दवाइयां समय पर ले योग,प्राणायाम हल्के स्तर पर डाक्टर की सलाह पर करे। खुश रहे हम दोनों पति पत्नी घर पर ही बच्चो से दूर तो है परंतु वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे जुड़े हुए है बच्चो का हौसला लगातार बढ़ाया जा रहा है। बच्चे बेहद जल्दी तनाव में आ जाते है जल्दी घबरा जाते है जरूरत है बच्चो से खुलकर बात कीजिये साथ ही उनके मनोरंजन हेतु हमने संगीत,गेम आदि का इंतजाम भी किया है जिससे निश्चित तौर पर काफी हद तक तनाव में कमी आती है मैं जिला प्रशासन ,स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम,कोविड कंट्रोल रूम के डॉक्टर सहित पूरी टीम एवं अपोलों अस्पताल के स्टाफ सहित डॉक्टरो को धन्यवाद देना चाहता हु जो दिन रात लोगो की सेवा में लगे हुए है।

मनरेगा, डीएमएफ और केंद्रीय सहायता से नहरों का हो रहा जीर्णोद्धार

जिले में कुल 29 लघु सिंचाई योजनाएं के साथ ही 3 स्टापडेम एवं 5 एनीकट निर्मित है

बीजापुर नवप्रदेश। गावों में रोजगार, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक एंव निजी परिसंपतियों के निर्माण के साथ ही मनरेगा किसानों को भी खुश होने का मौका दे रही है। प्रदेश मे मनरेगा और विभिन्न विभागों के अभिसरण से खेती-किसानी की मजबूती, एवं उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ किसानों की आय में वृद्धि के लिए भी अनेक काम किए जा रहे हैं। मनरेगा से बारिश के भरोसे रहने वाले बीजापुर के किसानों के खेतों तक भी नहर के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था हो रही है।

इससे वहां के किसान बहुत खुश है। जल संसाधन वीभाग बीजापुर के अंतर्गत 24 तालाब, 03 नत्र व्यपवर्तन योजना, 01 उद्वहन सिंचाई योजना, 01 नहर विस्तार कुल 29 लघु सिंचाई योजनाएं के साथ ही 03 स्टापडेम एवं 05 एनीकट निर्मित है। परन्तु सिंचाई परियोजनाओं में निर्मित कई नहर लगभग अस्तित्वहीन है तथा कई जलाशयों के स्लूस गेट क्षतिग्रस्त होने स ेजल रिसाव के कारण 5480 हैक्टेयर रुपांकित क्षेत्र में से औसत 1000 हेक्टेयर रकबा में सिंचाई होता है। स्थल की आवश्यकता के अनुरुप वित्तीय वर्ष 2019-20 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं कन्वर्जेंस के मद में जिले के विकासखण्ड भैरमगढ़ स्थित कोडोली क्र. 1, कोडोली क्र. 2 एंव मिरतुर जलाशय के 3.80 किमी एंव विकासखण्ड बीजापुर स्थित दोगोली, ईटपाल एवं पापनपाल जलाशय के 2.60 किमी. एवं विकासखण्ड भोपालपटनम स्थित वरदली , दम्मूर एंव सकनापल्ली जलाशय के 3.40 किमी. नहरों में 49 कार्यो के कुल 9.80 किमी. में सी.सी. लाईनिंग कार्य किया जा रहा है, जिससे बीजापुर जिले में लगभग 799 हेक्टेयर क्षेत्र को पुनरस्थापित किया जा रहा है, इससे लगभग 600 किसान लाभान्वित होगें तथा ईटपाल , पापनपाल एवं मिरतुर तालाब में क्षतिग्रस्त जलद्वार को तोड़कर नई जल द्वार बनाये जाने से कृषकों में हर्ष व्याप्त है। एन.एम.डी.सी. मद में ग्राम वेंगला में एनीकट निर्माण कार्य पूर्ण होने से कृषक अपने स्वयं के साधन (पंप) से 60 हेक्टेयर क्षेत्र के लगभग 50 किसान लाभान्वित हो रहे हैं तथा खनिज मद में स्वीकृत मेटलाचेरू नहर निर्माण से 160 हेक्टेयर क्षेत्र के अनुमानतः 140 किसान लाभान्वित हो रहे है।

विभागीय बजट में शामिल मट्टीमरका व्यपवर्तन योजना की 2515 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए डी.पी.आर. शासन को प्रेषित है। इससे विकासखण्ड भोपालपटनम के 31 ग्रामों के अनुमानतः 1500 कृषक लाभान्वित होगें तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में शामिल इस संभाग की सर्वेक्षणाधीन इन्द्रावती बहुद्देशीय बोधघाट परियोजना से बीजापुर जिले के 218 ग्रामों के अनुमानतः 43000 कृषक लाभान्वित होगें। जल संसाधन विभाग के ईई सुमन ने बताया कि मार्च के बाद लाकडाउन के दौरान भी किसानों की मांग को देखते हुए नहरों का विस्तार किया गया वंही 3 स्टापडेम एंव 5 एनीकेट का भी निर्माण किया गया सारे कार्यो में गुणवत्ता के साथ कराए गए है और अब इनसे सैकड़ो किसानों को पानी मिलेगा।

नगर पंचायत दफ्तर पहुंचकर सीएमओ का घेराव

नव प्रदेश संवाददाता

- **खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत मे आया कांग्रेसी पार्षद व एल्डरमेन**
- **दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग**
- **गंडई नगर पंचायत मे फर्जी डीजल खरीदी का मामला**

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई मे फर्जी डीजल खरीदी का मामला अब गरम हो गया है साथ ही दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग उठने लगी है। गुरुवार को नवप्रदेश मे खबर प्रकाशित होने के बाद कांग्रेसी पार्षद व एलडरमेंन संहित ब्लाक अध्यक्ष हरकत मे आ गए और सभी कांग्रेसी गुरुवार को ही दोपहर 1 बजे नगर पंचायत कार्यालय मे धावा बोल दिये और मामले को लेकर सीएमओ का घेराव करते हुये पूरे मामले की जांच कर दोषियो के खिलाफसक्त कार्यवाही करने की मांग करते रहे। कांग्रेसियों की मांग पर सीएमओ ने कहा की मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के बाद शीघ्र ही कड़ी कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

उल्लेखनीय है की नगर पंचायत गंडई में पदस्थ भृत्य दयालु साहू व अभियंता रूपेश राठिया के द्वारा इमरजेंसी वाहन की गाड़ी में डीजल को लेकर एक व्हाउचर तैयार किया गया था। जिसमे उस समय के तत्कालीन सीएमओ रहे खुमान सिंह कश्यप के सील और हस्ताक्षर लगा हुआ दस्तावेज था उसी स्लीप पर भंडारण प्रभारी दयालु साहू व अभियंता रूपेश राठिया के सील और हस्ताक्षर भी लगा हुआ था। लेकिन 26 जून को सी एम ओ कश्यप की मृत्यु होने के लगभग दो माह बाद हस्ताक्षर व सील लगना कही ना कही 420सी का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में निकाय के इस मामले में लिप्त कर्मचारियों पर संदेह के आधार पर नवप्रदेश ने पड़ताल किया तो कही न कही सच्चाई सामने आया। इस मामले पर गुरुवार को ही नवप्रदेश मे ÷डीजल के फर्जी बिल मामले मे सीएमओ ने इंजीनियर सहायक को थमाया नोटिस÷ शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। खबर पढ़ते ही कांग्रेसी पार्षद व एलडरमेन हरकत मे आ गए और मामले को संज्ञान में लेते हुए गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साकेत दुबे लगभग दोपहर 1 बजे सीएमओ के दफ्तर पहुँचकर हल्ला बोला। जहाँ सभी जनप्रतिनिधि ने एक ही स्वर पर तत्काल दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की बात कही।

सीएमओ की कार्यप्रणाली से नाराज हुये कांग्रेसी

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साकेत दुबे ने कहा कि अधिकारी ने संज्ञान में लेकर तो संबंधित कर्मचारी को नोटिस तो दे दिया जिस पर उन कर्मचारी द्वारा जवाब भी दिया गया है लेकिन कार्यवाही अब तक नही हुई है। जिसे लेकर कांग्रेसी पार्षद और एल्डरमैन ऑफिस में डटे रहे। वही पार्षद भिगेश यादव ने सी एम ओ पर नाराजगी प्रगट करते हुए कहा कि कर्मचारी अगर दोषी है तो उस पर नियमानुसार जांचकर दोषी कर्मचारी पर कार्यवाही का आधार सी एम ओ को होता है। जो वह सक्षम है। सी एम ओ शुक्ला को कहा कि आप अभी कार्यवाही करे आज नोटिस दिए तीन दिन हो गए है। लेकिन कार्यवाही अब तक शून्य है वही सी एम ओ प्रमोद शुक्ला ने मौके पर आए सभी जनप्रतिनिधियो की बात को रखते हुए इसी हफ्ते दो तीन दिनों में कार्यवाही करने का भरोषा जताया।वैसे ही मौके पर उपस्थित पार्षदों में वार्ड 01 के पार्षद भिगेश यादव ने कहा कि जब तक कार्यवाही नही हो जाता तब तक वह ऑफिस नही आने की बात कहते हुए मौके से उठकर नाराज होकर चले गए। सीएमओ दफ्तर में ब्लॉक अध्यक्ष साकेत दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी व एल्डरमैन महेशदास रात्रे, सूरज नामदेव, क्रांति ताम्रकार, लियाक़त अली खान, नारायण चतुर्वेदी, मोहसीन खान, शुभम बघेल मीडिया प्रभारी अमित टंडन पहुंचे यहे।

शहर विकास के लिए समर्पित है नगर पालिका : ऋषि

- **7 करोड़ 35 लाख रू. लागत से बनने वाले सड़क व पाथवे निर्माण सहित परिषद की बैठक में 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज नगर विकास सहित अन्य जनहित विषयों को लेकर परिषद की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में 15 प्रस्ताव पर चर्चा हेतु लाया गया था नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक की शुरूवात राष्ट्रगान व राजगीत गायन कर प्रारंभ किया गया। नपाध्यक्ष व सभी पार्षदगणों ने बैठक में नव मनोनित पार्षदगणों का स्वागत अभिनंदन किया।

जल आवर्धन योजना: 6 महिने की समयवृद्धि

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर के पेयजल व्यवस्था को सुदृढ बनाये जाने हेतु जल आवर्धन योजनांतर्गत नये फिल्टर प्लांट निर्माण किया जा रहा है ताकि भविष्य किसी प्रकार की पानी की समस्या उत्पन्न ना हो। इसको ध्यान में रखते हुए जिन वार्डो में पाईप लाईन नही पहुंच पाया है वहां पाईप लाईन भी बिछाने का कार्य किया जा रहा है उन्होनें बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण कार्य विलंब हुआ है कोरोना संक्रमण न फैले इसके लिए बाहर से आये मजदूर भी वापस चले गये थे जिससे कार्य प्रभावित हुआ। कार्य प्रभावित होने के कारण समय-सीमा में कार्य न होने के कारण संबंधित ठेकेदार मेसर्स मल्टी अर्बन इन्फ्र सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड नागपुर द्वारा अतिरिक्त समय का मांग किया गया था जिस पर विचार करते हुए आज बैठक में 6 महिने का अतिरिक्त समयवृद्धि करते हुए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

उन्हानें बताया कि इसी तरह भारतमाता प्रतिमा सौंदर्यीकरण स्थल में भारतमाता की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक पीछे हटाकर सामने भाग में सौंदर्यीकरण कार्य के तहत गार्डनिंग, लाईटिंग सहित अन्य कार्य किये जाने, शासन की महत्वपूर्ण योजनांतर्गत नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी अंतर्गत गौठान निर्माण, हाईटेक बस में अतिरिक्त कार्य किये जाने हेतु तैयार किये गये पुनरीक्षित प्राक्कलन पर मुहर लगाया गया है।

सड़क व पाथवे निर्माण के लिए 7 करोड़ 35 लाख का प्रस्ताव पारित

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि राजनांदगांव रोड़ से पिलारी नहर, शांतिदीप राईस मिल होते हुए नवीन बाजार तक निर्मित वर्षो पुराना नाली व सड़क खराब होकर जीर्ण शीर्ण हो चुका है बरसात के दिनों में इस रास्ते पर गुजरना मुश्किल हो जाता है जिसे दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग पर सड़क एवं पाथवे निर्माण कार्य कराया जाना अत्यंत आवश्यक था जिसका स्थल निरीक्षण कर 7 करोड़ 35 लाख का प्राक्कलन तैयार कराया गया है तैयार प्राक्कलन अनुसार राशि मांग हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का निर्णय बैठक में लिया गया है।



53 पाव अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

लवन। पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के मार्गदर्शन में क्षेत्र में हो रही अवैध शराब बिक्री कि शिकायत पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह द्वारा सहायक उप निरीक्षक कमल किशोर देवांगन, आरक्षक तिलक सिदार, गणेशराम पैकरा, प्रकाश भारद्वाज, नन्दु यादव की टीम तैयार कर मुखबीर के सूचना आधार पर मौके पर जाकर घेरा बंदी कर मनोहर साहू पिता भाऊराम साहू उम्र 52 वर्ष ग्राम सिंघारी के कब्जे से 32 पाव कैप्टन क्लब प्रेस्टीज व्हीस्की , एवं 21 पाव गोल्डन गोवा डिल्क्स व्हीस्की कुल 53 पाव अंग्रेजी शराब किमती कुल 9.540 लीटर कुल किमती 6360 रूपया जप्त किया गया। उक्त आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध क्र 0 2020 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया।

गंडई में नहीं मनेगा दशहरा उत्सव, रावण दहन भी नहीं

नव प्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया - कोरोना संक्रमण के चलते इस बार नगर मे दशहरा उत्सव का आयोजन नहीं किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष गंडई नगर के राजा बाड़ा से निकलने वाली सवारी /शोभा यात्रा नहीं निकाली जावेगी। जानकारी के अनुसार नगर के राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो पंडरिया स्थित अपने महल से निकलकर सर्वप्रथम अपने कुल देवी माँ गंगई मंदिर पहुँचकर आशीर्वाद लेंगे तत्पश्चात रावण वध कार्यक्रम स्थल में पूजा अर्चना करेंगे। जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार पूजा स्थल में अधिकतम 50 व्यक्ति ही उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार की वाद्य यंत्र, लाउडस्पीकर, आतिशबाज़ी, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत, भंडारा, प्रशाद वितरण व पंडाल लगाने की अनुमति नहीं होगी।

प्रधान आरक्षक समेत दो की कोरोना से मौत, 54 पॉजीटिव

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिले में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ हेड कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल जिला के कोविड अस्पताल में भर्ती थे। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के डॉ. छत्रपाल ने बताया कि हेड कांस्टेबल की मौत कोरोना एम्स रायपुर में हुई है। वह परसदा पुलिस लाइन का निवासी है। वहीं दूसरी मौत बसना ब्लॉक के ग्राम केंवटापाली के ग्रामीण की हुई। जानकारी के मुताबिक मृतक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था। पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनकी कोविड जांच की। जांच में ग्रामीण कोरोना पॉजीटिव निकला। इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को दो लोगों की मौत के साथ जिले में कोविड से मरने वालों की संख्या 57 हो गई है। वहीं बुधवार को जिले में 54 करोना पॉजीटिव मिले। इसमें सबसे अधिक महासमुंद विकासखंड से 20, बागबाहरा से 4, पिथौरा से 14, बसना से 7 और सरायपाली से 9 लोग संक्रमित मिले।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बुधवार को 63 लोग स्वस्थ होने के बाद वापस घर लौट आए। जिले में कोरोना के अब तक कुल 3631 मामले आ चुके हैं। इसमें से 2712 पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 872 है।